

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 21 अक्टूबर 2024

संवत 2081, कार्तिक कृष्ण पक्ष-4, मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 44 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ भारत की प्रगति अवरुद्ध करने का षड्यंत्र

'पुष्पा 2' में अल्लू अर्जुन के साथ आइटम सॉन्ग करेंगी श्रद्धा कपूर ◂◂ 6


# कश्मीर में आतंकी हमला, सात की मौत

## सुरंग निर्माण कार्य में लगे छह मजदूरों व एक डॉक्टर की हत्या - मरने वालो में बिहार के तीन मजदूर शामिल



**एजेंसी**

**जम्मू-कश्मीर :** जिले में टारगेट किलिंग का एक बड़ा मामला सामने आया है। आतंकवादियों ने गैर-स्थानीय मजदूरों को निशाना बनाया और एक डॉक्टर व छह मजदूरों की हत्या गोली मारकर कर दी। मृतकों में तीन बिहार के मजदूर भी शामिल हैं। हमले में कई मजदूर जख्मी भी बताए जा रहे हैं। घटना गादरबल जिले के गुंड इलाके में हुई है। केंद्र सरकार की एक सुरंग योजना में ये मजदूर काम कर रहे थे।

**सुरंग निर्माण में लगे मजदूरों की हत्या**

जम्मू कश्मीर के गादरबल में केंद्र सरकार की योजना के तहत एक सुरंग का निर्माण किया जा रहा था। इस दौरान कई मजदूर काम कर रहे थे। निजी ठेका कंपनी के कैंप में मजदूर रहते थे। अचानक दो की संख्या में आए आतंकियों ने इन मजदूरों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिससे दो मजदूरों की मौत मौके पर हो गयी जबकि अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बिहार के जिन तीन मजदूरों की मौत हुई हैं उनमें फहीम नासिर, मोहम्मद हनीफ और कलीम के रूप में उनकी पहचान हुई है।

**आतंकी संगठन ने ली जिम्मेवारी**

जम्मू कश्मीर के सीएम अमर अब्दुल्ला के चुनावी क्षेत्र में ही इस घटना को आतंकियों ने अंजाम दिया है। यह हमला बिहार के एक मजदूर अशोक चौहान की हत्या के ठीक बाद दूसरी टारगेट किलिंग की घटना है। जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला और केंद्रीय मंत्री नीतिन गड़करी ने इसपर शोक व्यक्त किया है। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन लश्कर-ए-ताइबा के सहयोगी संगठन द रजिस्टेंस फ्रंट ने ली है। पुलिस व सेना ने हमलावरों का पता लगाने के लिए घेराबंदी भी की है।

**हाल में ही बांका के एक मजदूर की आतंकियों ने की थी हत्या**

गौरतलब है कि बीते दिनों बिहार के बांका निवासी एक मजदूर की हत्या आतंकियों ने गोली मारकर कर दी थी। आतंकियों ने उसे जासूस समझकर मौत के घाट उतार दिया था। मृतक अशोक चौहान मकई की खेती अनंतनाग जिले में रहकर करता था। आतंकियों ने उसे खेत से बुलाकर गोली मार दी थी। अशोक का शव जम्मू कश्मीर प्रशासन ने बांका स्थित उसके पैतृक गांव पहुंचवाया था। इस घटना के बाद लगातार यह दूसरी घटना है।

## जम्मू- कश्मीर में सुरक्षाबलों ने नाकाम की बड़ी साजिश
## सेना ने मार गिराया आतंकी, हथियार बरामद


**बारामुला :** जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में सुरक्षाबलों ने एक बड़े आतंकवादी हमले को नाकाम करते हुए एक आतंकी को मार गिराया है। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है, जिससे यह साफ होता है कि आतंकी बड़ी साजिश रच रहे थे। सुरक्षाबलों के एक अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर बारामुला और उरी सेक्टर में संयुक्त अभियान चलाया गया था। मुठभेड़ के दौरान आतंकी ने सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया। मारे गए आतंकी के पास से एक एके-47 राइफल, कई मैगजीन और बड़ी मात्रा



में गोला-बारूद बरामद हुआ है। सेना के बयान में कहा गया है कि इस जखीरे को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे किसी युद्ध की तैयारी के लिए सामान जुटाया जा रहा है। इससे पहले, गांदरबल जिले में आतंकवादियों ने मजदूरों पर हमला कर दिया था, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे कायराना हरकत बताया है। गांदरबल के गगनगीर इलाके में एक सुरंग निर्माण स्थल पर काम कर रहे मजदूरों पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। इस हमले में एक स्थानीय डॉक्टर सहित कई लोग मारे गए थे। इन घटनाओं के बाद सुरक्षाबल पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट पर हैं। सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने दी हमले की धमकी, कहा-

# 1 से 19 नवंबर के बीच न करें एयर इंडिया की फ्लाइट में सफर



**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** पिछले कुछ समय से भारतीय विमान कंपनियों को लगातार प्लेन में बम होने की सूचनाएं मिल रही हैं। फ्लाइट में बम होने की इन लगातार मिल रही धमकियों की बीच अब एक और नई धमकी मिली है। इस बार यह धमकी खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दी है। खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने हवाई सफर करने वाले यात्रियों को धमकी देते हुए कहा कि वे 1 से 19 नवंबर के बीच एयर इंडिया की फ्लाइट में सफर न करें। पन्नू ने कहा कि सिख दंगों के 40 साल पूरे होने पर एयर इंडिया की फ्लाइट पर हमला हो सकता है। बता दें कि बीते कुछ दिनों से भारतीय विमान कंपनियों की फ्लाइट में लगातार बम होने की धमकियां मिल रही हैं। बीते शनिवार को भी एअर इंडिया, इंडिगो, अकासा एयर, विस्तारा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और अलायंस एयर की 30 से अधिक घरेलू और विदेश उड़ानों में बम होने की धमकी मिली थीं। हालांकि जांच के बाद ये सफी धमकियां मात्र अफवाह निकलीं।

एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा

# यह आराम का वक्त नहीं अभी बहुत काम बचे हैं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 साल में बहुत सारे काम किए हैं, लेकिन यह आराम का वक्त नहीं है। देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए अभी बहुत काम करना बाकी है। पीएम मोदी ने कहा, अक्सर लोग मुझे कहते हैं कि पिछले 10 साल में इतने काम हुए हैं। आपने तीन बार अपनी सरकार बना ली है। अब भी आप इतनी मेहनत क्यों करते हैं, इतनी दौड़ धूप क्यों करते हैं?

पीएम मोदी ने कहा कि उनको ऐसा कहने वाले लोग बहुत मिले हैं। उनको कहना है कि अब मेहनत की क्या जरूरत है। लेकिन जो सपने हमने देखे हैं और जो संकल्प हम लेकर चले हैं, उसमें न चैन के लिए कोई जगह है न ही आराम के लिए। पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए आगे कहा, पिछले 10 साल में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। पिछले 10 साल में 16 करोड़ गैस कनेक्शन मिले हैं। इसी अवधि में 350 मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं, जिसमें 15 से ज्यादा एम्स हैं। पिछले 10 सालों में डेढ़ लाख से ज्यादा स्टार्टअप हुए हैं, जिसमें आठ करोड़ युवाओं ने मुद्रा लोन लेकर पहली बार अपना काम शुरू किया है।



**पीएम मोदी ने कहा कि लोग पूछते हैं क्या इतना करना काफी नहीं है?**

पीएम मोदी ने आगे जवाब दिया, नहीं इतना करना काफी नहीं है। आज भारत दुनिया के सबसे युवा देश में एक है। इस युवा शक्ति की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करते हुए आसमान की ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। इस ऊंचाई को छूने के लिए हमें बहुत तेजी से बहुत सारा कार्य करने की जरूरत है। पीएम ने कहा कि देश को 2047 तक विकसित बनाने का हमारा लक्ष्य है। इसलिए सफलता का मापदंड सिर्फ ये नहीं है कि हमने क्या पाया अब हमारा आगे क्या लक्ष्य है, हमें कहां पहुंचना है हम उस ओर देख रहे हैं। 2047 तक विकसित भारत का संकल्प भी इसी सोच को दिखाता है।

# डॉक्टर ने युवती संग रिम्स के हॉस्टल की छत से लगायी छलांग, मौत

**एजेंसी**

**रांची:** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के हॉस्टल नंबर-4 की छत से बीती रात एक डॉक्टर ने छलांग लगा दी। जानकारी के अनुसार, हॉस्टल के तीसरे तले से डॉक्टर आकाश और एक महिला ने छलांग लगायी। हादसे में डॉक्टर आकाश की मौत हो गयी। जबकि महिला डॉक्टर गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि आकाश पीजी सेकंड ईयर का छात्र था। घटना की सूचना पाकर बरियातू थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गयी है।

**आनन-फानन में हॉस्टल के डॉक्टर लेकर पहुंचे इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर**

डॉक्टर के कूदने की सूचना मिलने के बाद हॉस्टल में मौजूद अन्य जूनियर डॉक्टर दोनों को लेकर इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। जहां डॉक्टर आकाश की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे




सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दिया गया। इसके बाद उसे तीसरे तले में स्थित क्रिटिकल केयर विभाग ले जाया गया। वहां कुछ देर इलाज के बाद आकाश की मौत हो गयी। घायल महिला का इलाज रिम्स में जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, एमआरआई के बाद महिला खतरे से बाहर है।

**जूनियर डॉक्टरों ने बताया कि रिम्स की नहीं है युवती**

रिम्स के जूनियर डॉक्टरों के अनुसार, डॉ आकाश के साथ छलांग लगाने वाली महिला रिम्स से बाहर की है। हालांकि, सभी एक-दूसरे से युवती के बारे में जानकारी लेते रहे, लेकिन कोई ड्डी सही जानकारी नहीं दे पाया। चिकित्सकों ने बताया कि लंबे समय से दोनों के बीच प्रेम संबंध चल रहा था।

**देर रात तक जूनियर डॉक्टर रहे मौजूद:** घटना की सूचना मिलने के बाद रात 10:30 बजे जूनियर डॉक्टरों के बीच हलचल मच गयी। सड्डी एक-एक कर रिम्स इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर पहुंचने लगे। डॉक्टर आकाश की मौत की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में चिकित्सा कर्मचारी इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर के तीसरे तले में जुट गये। जूनियर डॉक्टरों के अलावा रिम्स का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। वहीं बरियातू थाना की टीम देर रात तक अस्पताल परिसर में मौजूद रही।

**आकाश को पुकारती रही युवती, उसे नहीं दी गयी मौत की जानकारी**

इलाज के दौरान महिला अपने बेड से आकाश का नाम लेकर उसे पुकारती रही। उसे आकाश के गंभीर होने की जानकारी थी, लेकिन उसकी मौत की सूचना उसे नहीं दी गयी थी। महिला का इलाज देर रात तक चला। उसका कंधा डिस्लोकेट हो गया है।

# दिवाली-छठ पर प्रवासियों की मुश्किलें बढ़ीं

- बस-ट्रेन की सीटे फुल, प्लेन के किराए में आसमान छूती बढ़ोतरी, यात्री परेशान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** हर साल की तरह इस बार भी दिवाली और छठ पर्व पर घर लौटने वाले प्रवासी लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेन में सीटें न मिलने के कारण उन्हें मजबूरी में निजी बसों और हवाई जहाज का सहारा लेना पड़ रहा है, लेकिन इनके किराए में आसमान छूती बढ़ोतरी ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनें चलाने के बावजूद, दिवाली और छठ के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ के कारण ट्रेनों में सीटें उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए निजी बस ऑपरेटर और एयरलाइंस ने अपने किराए में भारी बढ़ोतरी कर दी है। आमतौर पर दिल्ली



से पटना का हवाई जहाज का किराया 3000 से 4500 रुपये के बीच होता है, लेकिन दिवाली-छठ के दौरान यह किराया बढ़कर 12,000 रुपये से 45,000 रुपये तक पहुंच गया है। अन्य शहरों के लिए भी किराए में इसी तरह की बढ़ोतरी देखी गई है। बस ऑपरेटर भी इस मौके का फायदा उठा रहे हैं। दिल्ली से बिहार के लिए बस का किराया जो आम दिनों में 1600 से 2000 रुपये होता है, वह अब बढ़कर 3500 से 5000 रुपये तक पहुंच गया है। इसके अलावा, प्राइवेट टैक्सियों के किराए में भी भारी वृद्धि हुई है। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए दलाल भी सक्रिय हो गए हैं। वे यात्रियों से मोटी रकम लेकर टिकट दिलाने का झांसा दे रहे हैं। दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर ऐसे दलालों की भरमार है। ट्रेन, बस और हवाई जहाज के किराए में भारी बढ़ोतरी के कारण प्रवासी मजदूर काफी परेशान हैं। उन्हें मजबूरी में मनमाने किराए पर यात्रा करनी पड़ रही है। इस पूरी स्थिति पर सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। एयरलाइंस द्वारा मनमाने तरीके से किराए बढ़ाए जाने पर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## मी दयानंद की 200वीं जयंती पर सम्मेलन में आएंगे केरल के राज्यपाल

**फिरोजाबाद :** स्वामी दयानंद की दो सौवीं जयंती के अवसर पर जनपद में 16, 17 और 18 नवम्बर को विशाल आर्य सम्मेलन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में केरल के राज्यपाल भाग लेंगे। इस संबंध में सोमवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पदाधिकारियों संग बैठक कर ?निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में विराट आर्य महाकुंभ का आयोजन सिरसागंज तहसील स्थित आर्य गुरुकुल महाविद्यालय में आगामी तीन दिन के लिए होने जा रहा है। इस बौद्धिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदू ग्रंथों के प्रकांड विद्वान केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान होंगे। इस सिलसिले में आयोजन समिति के प्रमुख लोगों की एक वृहद बैठक आज हुई है। इसमें आर्य प्रतिनिधि सभा के पदाधिकारी आचार्य कुशल देवी, आचार्य रवि शास्त्री, आचार्य गुरुकुल महाविद्यालय के उप प्रबंधक ज्ञान सिंह, मैनपुरी वालीबाल संघ के अध्यक्ष प्रदीप चौहान, एवं पर्यटन अधिकारी विशाल श्रीवास्तव उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनपदों के आर्य समाज के लगभग हजार छात्र-छात्राओं का युवा दल इस कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियां देगा। इससे पूर्व 16 नवम्बर को एक शोभा यात्रा भी निकल जाएगी।

## पुलिस स्मृति दिवस : अमित शाह ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर वीर सेनानियों को दी श्रद्धांजलि



**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** हर साल 21 अक्टूबर के दिन वीर पुलिस कर्मियों और जवानों के बलिदान को याद करने के लिए पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। पुलिस स्मृति दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर अमित शाह ने कहा कि मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि आज मुझे यहां अमर जवानों को पुष्पांजलि अर्पित करने का मौका मिला है। यही जवान हमारी सीमाओं को सुरक्षित रखते हैं। -50 से +50 डिग्री तापमान में सीमाओं की सुरक्षा करते हैं। उन्होंने जो सर्वोच्च बलिदान दिया है, उनके परिजनों को भी श्रद्धापूर्वक प्रणाम करता हूं।

## न्यूज ब्रीफ

### मैं डरपोक नहीं, कफन बांधकर घर से निकला हूं: देवेन्द्र महतो



**मुरी :** सिल्ली विधानसभा के सोनाहातु सतीधाट पर चुनावी तैयारी को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सिल्ली विस सीट से धोषित प्रत्याशी देवेन्द्र महतो ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में कहा कि मैं डरपोक जैसे भागने का इतिहास झारखंड में नहीं लिखूंगा। जनता के जन मुद्दे की आवाज सदन में उठाऊंगा। मैं घर से कमर में कफन बांध कर निकला हूं। मैं बालू का पैसा नहीं खाता हूं कि मुझे किसी का डर है। मैं आज जो हूं वो जीतने के बाद भी वही रहूंगा,मेरा व्यवहार नरम व सरल रहेगा। आगे उन्होंने ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है हर समस्या का समाधान है केवल दिन रात काम करना है।बैठक की अध्यक्षता विनोद कुमार महतो एवं संचालन महावीर प्रसाद साहू ने किया। सर्व सहमति से विधानसभा चुनावी प्रभारी कृष्णा महतो को चुना गया वहीं सह प्रभारी के लिए निर्मल महतो एवं करमजीत को चुना गया।इसी तरह सोनाहातु, राहें, सिल्ली और अनंगडा के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया। विधानसभा के पुरे 48 पंचायत में दस-दस का टीम बना कर दिन रात एक कर काम करने का निर्देश जारी किया गया। पूरी बैठक में संजय महतो, खुदीराम महतो, प्रकाश महतो,चरण महतो, दिनेश चौधरी,श्रीपद महतो, जाकिर खान, हरे कृष्णा महतो,चंडी महतो समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### राष्ट्रीय सीनियर सिटीजन संघ की बैठक

### कुमुद प्रसाद साहू मुख्य संरक्षक व राधेश्याम साहू अध्यक्ष बने



**मुरीः** राष्ट्रीय सीनियर सिटीजन संघ की आवश्यक बैठक रांची के होटल अप्सरा में आयोजित हुई। बैठक में हमार कुमुद प्रसाद साहू एवं निर्मल चन्द्र साहु , गणेश साहु, राधेश्याम साहु ( अध्यक्ष ) त्रिलोचन साहु , अजीत साहु के अतिरिक्त समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बैठक के द्वितीय सत्र में पुराने समिति को भंग कर नयी समिति का गठन हुआ। चयन प्रकिया में भाग लेकर हमलोगों ने कुछ पदों पर जीत हासिल की। कुमुद प्रसाद साहू सीनियर सिटीजन के मुख्य संरक्षक बने। उक्त चुनाव में हमारे मंच के माननीय अध्यक्ष राधेश्याम साहु ने भी बाजी मारी, उन्हें झारखंड प्रदेश सिनीयर सिटीजन का अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया।चयन बहुत ही पारदर्शी तरीके से राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडे के देखरेख में हुआ.। सिल्ली में और भी कई पदों पर अन्य जातियों के लोग भी विजय हुए। सिल्ली के लिए एतिहासिक दिन रहा।

### शिक्षक ने छात्रा के साथ की अश्लील हरकत, पंचायत में पैर पकड़कर मांगी माफी

धनबादः बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मरिचो नया प्राथमिक विद्यालय पंजनिया बेहराडीह के सहायक शिक्षक के खिलाफ स्कूल 8 वर्षीय छात्रा ने अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। बच्ची के पिता ने बरवाअड्डा थाना में आरोपी शिक्षक आदेश कुमार महतो के खिलाफ लिखित शिकायत की है। थाना में दिए आवेदन में पिता ने कहा है कि 27 सितंबर को उसकी बेटी स्कूल गई थी। शिक्षक आदेश कुमार महतो ने उसके कपड़े उतारकर अश्लील हरकत की। डरी-सहमी बच्ची रोते हुए घर पहुंची। बेटी ने अपनी मां को पूरी बात बताई। शाम को पिता घर पर लौटा तो उसे मामले की खबर हुई। तब उन्होंने इसकी जानकारी मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र किस्कू को दी। इस मामले में पंचायती कर मामला सलटाने का प्रयास किया गया। पंचायती में शिक्षक आदेश कुमार महतो ने पंचों के सामने अपनी गलती मानते हुए पैर पड़कर माफी भी मांगी।

आवेदन में कहा गया है कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व एक आदिवासी महिला के साथ भी उक्त शिक्षक ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। पिता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। इधर, थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है, मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एसएसपी इंटर डिस्ट्रिक्ट चेकपोस्ट का किया औचक निरीक्षण, गहन जांच का दिया आदेश

**धनबादः** धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दनन ने हरिहरपुर थाना क्षेत्र के अमलखोरी व महुदा थाना क्षेत्र के तेलमच्चो स्थित इंटर डिस्ट्रिक्ट चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व जवानों को जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करने, वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर व ओनर का नाम-पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही अधिक मात्रा में नकदी, शराब, ज्वेलरी, नशीले पदार्थ सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली अन्य सामग्री मिलने पर जब्त करने का निर्देश दिया। कहा कि जांच की वीडियोग्राफी भी कराएं। मौके पर बाघमारा एसडीपीओ पुरषोत्तम कुमार सिंह, थाना प्रभारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### बरसोल चेकपोस्ट से 3.13 लाख से ज्यादा कैश जब्त



**जमशेदपुर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा भयमुक्त वातावरण में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर अन्तरराज्यीय एवं अंतरजिला चेकनाकाओं पर सभी छोटे-बड़े वाहनों की सघनता से चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को बहरागोड़ा के बरसोल चेकपोस्ट से जांच में 3,13,000 रुपये जब्त किए गए तथा अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दोपहिया, चार पहिया, मालवाहक व वीआइपी वाहन आदि सभी की सघनता से जांच के निर्देश दिया है। जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध शराब, पैसा, ड्रग्स या किसी प्रकार के उपहार की वस्तु का अवैध परिवहन नहीं होने पाये, जिससे चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके।

# आजसू ने जारी की आठ उम्मीदवारों की पहली सूची, सिल्ली से चुनाव लड़ेंगे सुदेश महतो

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** एनडीए की सहयोगी आजसू पार्टी ने विधानसभा चुनावों के लिए अपने आठ उम्मीदवारों की पहली सूची रविवार को जारी की। पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो को सिल्ली से मैदान में उतारा गया है। सीटों के बंटवारे के मुताबिक, आजसू दस सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जबकि जदयू दो और लोजपा (राम विलास) एक सीट पर उम्मीदवार उतारेगी। भाजपा बाकी 68 सीटों में अपने उम्मीदवार खड़े करेगी।

महतो ने 2019 में सिल्ली विधानसभा सीट पर 20,195 मतों के अंतर जीत हासिल की थी। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी झामुमो की सीमा देवी को हराया था। आजसू पार्टी ने बताया कि उसकी मौजूदा विधायक सुनीता चौधरी रामगढ़ और नेहरू शांति भगत लोहरदगा से चुनाव लड़ेंगी। चौधरी ने मार्च 2023 में रामगढ़ सीट पर उपचुनाव जीतकर यूपीए-समर्थित कांग्रेस के बजरंग महतो को 21,970 मतों के अंतर से हराया था।

एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद कांग्रेस विधायक ममता देवी को अयोग्य घोषित किया गया था, जिसके कारण यह उपचुनाव हुआ। चौधरी 2019 में रामगढ़ सीट से ममता देवी से 28,718 मतों के अंतर से हार गए थे। लोहरदगा से चुनाव लड़ने वाले भगत ने 219 में तीसरा स्थान हासिल किया था। पार्टी के मौजूदा विधायक लंबोदर महतो गोमिया से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। गोमिया ने आखिरी बार झामुमो की बबीता देवी 1039 मतों से हराया था।



2019 में जुगसलाई से रामचंद्र साहिस ने तीसरा स्थान हासिल किया था, अब इस सीट पर वह आजसू पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। वहीं, निर्मल महतों भी मांडू से अपनी किस्मत आजमाएंगे, जहां उन्होंने 2019 में दूसरा स्थान हासिल किया था। पांच साल इचागढ़ से दूसरा स्थान हासिल करने वाले हरेलाल महतो अब वहीं से चुनाव में उतरेंगे। इसके अलावा, अजहर इस्लाम पाकुड़ से आजसू के उम्मीदवार होंगे।

झारखंड विधानसभा की 81 सीटों के लिए चुनाव दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को होंगे और मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी। 2019 में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 47 सीटें जीतकर भाजपा से सत्ता छीन ली थी। झामुमो ने 30 सीटें जीतीं थीं, जबकि कांग्रेस ने 16 और राजद ने एक सीट हासिल की थी। भाजपा ने 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि जेवीएम-पी को तीन, आजसू पार्टी को दो, भाकपा-माले और राकांपा को एक-एक सीट मिली। इसके अलावा, दो स्वतंत्र उम्मीदवार भी जीत गए थे।

## हिंदू राष्ट्र अधिवेशन में ज्वलंत मुद्दों पर हुआ विचार मंथन




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** स्थानीय होटल ग्रीन होराइजन में आयोजित दो दिवसीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन के अंतिम दिन कई ज्वलंत मुद्दों पर विचार मंथन हुआ। जिनमें धर्मपरिवर्तन, लैंड जिहाद, वफ्फ बोर्ड 1995, प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 के कानूनी समाधान आदि शामिल थे। अधिवेशन में प्रतिनिधियों ने काशी एवं मथुरा के श्री कृष्ण मंदिर, गोशाला, कुतुब मीनार आदि से संबंधित कोर्ट केस की वर्तमान स्थिति और आगे की रूपरेखा क्या होगी, माइनॉरिटी को कैसे परिभाषित किया जाए, इन विषयों पर चर्चा की गई। घुसपैठ के माध्यम से डेमोग्राफिक चेंज करने का जो षड्यंत्र चल रहे उसके खिलाफ कानूनी रणनीति भी बनाई गई। यह जानकारी काशी के ज्ञानवापी, मथुरा के श्रीकृष्णभूमि आदि प्रमुख हिंदू मंदिरों के मुकदमा लड़ने वाले ह्हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिसह्व के प्रवक्ता तथा सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने रविवार को प्रेस वार्ता में दी।

इस अवसर पर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा का प्रयास कर रहे, बांग्लादेश माइनॉरिटी वॉच के संस्थापक अधिवक्ता रवींद्र घोष, विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत के अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत एवं सनातन संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता चेतन राजहंस, हिंदू जनजागृति समिति के पूर्व एवं पूर्वोत्तर भारत के राज्य समन्वयक शंभू गवारे उपस्थित थे। पूर्व एवं पूर्वोत्तर भारत के राज्य समन्वयक शंभू गवारे ने बताया कि हिन्दू राष्ट्र की स्थापना के उद्देश्य से हिन्दूहित के उपक्रमों को गति प्रदान करने के लिए ह्यहिन्दू राष्ट्र अधिवेशनह्ण का आयोजन किया गया, जिसका समापन रविवार को हुआ। इसमें बांग्लादेश, झारखंड, बंगाल, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के 70 से अधिक संगठनों के पदाधिकारी अधिवक्ता, संतजन, मंदिर न्यासी, उद्योगपति, पत्रकार एवं संपादक आदि 200 से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। हिंदू समाज की सुरक्षा के लिए सभी हिंदुत्ववादी एकत्रित आकर कार्य कर पाए, इस उद्देश्य से ह्हिंदू राष्ट्र समन्वय समितिह्व का गठन हुआ है। विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत के अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा, जो कार्य हिंदू सनातन समाज को मजबूत करने के लिए होंगे। विश्व हिंदू परिषद सदैव ऐसे कार्य में सहयोग देगा और सदैव साथ खड़ा रहेगा। सनातन संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री चेतन राजहंस ने कहा कि वर्त्तमान में बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा के लिए भारत सरकार समयबद्ध कदम उठाए, इस हेतु से हम केंद्रीय सरकार से आग्रह करते हैं और मंदिर मुक्ति अभियान का पूर्ण समर्थन करते हैं।

## रजरप्पा के जंगल में नाबालिग के साथ दुष्कर्म, शिकायत दर्ज

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रामगढ़ :** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत जनियामारा जंगल में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार रजरप्पा थाना अंतर्गत एक नाबालिग अपने एक दोस्त रामगढ़ निवासी के साथ घूमने के लिए छिन्नमस्तिका मंदिर जा रही थी। रास्ते मे जनियामारा जंगल के समीप मोटरसाइकिल रोककर युवक युवती बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचकर युवक को मारपीट कर उसे भगा दिया। वहीं, युवती को घसीटते हुए जंगल मे ले जाकर उसके दुष्कर्म किया। उसके बाद वह धमकी देते हुए कहा कि किसी को बताओगी, तो जान से मार देंगे। इसके बाद युवती किसी तरह भागकर पुलिस के पास पहुंची, जहां उन्होंने अपनी दास्तां को पुलिस को बताया। इसके बाद पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी को लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए जंगल मे छापामारी अभियान चलाया। वहीं युवती को मेडिकल के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया।

इधर, युवती ने रजरप्पा थाना में भुचुंगडीह निवासी रहीम अंसारी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराकर पुलिस से उचित कार्रवाई करने की मांग की है। थाना में दिए आवेदन के अनुसार उसका कहना था कि युवती अपने दोस्त के साथ घूमने लिए मंदिर जा रही थी। रास्ते मे भुचुंगडीह निवासी रहीम अंसारी ने मेरे दोस्त के साथ मारपीट कर भगा दिया और मेरे साथ जंगल मे ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना को लेकर रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने कहा कि एक नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी भुचुंगडीह निवासी रहीम अंसारी के खिलाफ बीएनएस 65 व पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

#### सीट बंटवारे पर सीपीएम का कांग्रेस पर तंज

## कुछ पार्टियों को अपनी क्षमता से अधिक मांगने की आदत

रांचीः झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है। यहां 81 विधानसभा सीटों पर दो चरण में चुनाव होंगे। इस चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन के बीच सीट बंटवारें को लेकर एकबार फिर खींचतान शुरू हो गई। इस खींचतान के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता मनोज पांडे ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि पार्टियों के बीच यह खींचतान जल्द ठीक हो जाएगा। उन्होंने बताया कि उनका एकमात्र उद्देश्य भाजपा को झारखंड से दूर रखना है। वहीं सीट बंटवारे को लेकर जारी विवाद के बीच सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो सदस्य सुभाषिनी अली ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लिया। सीपीआई(एम) नेता ने बताया कि कुछ ऐसी पार्टियां हैं जिन्हें अपनी क्षमता से अधिक मांगने की आदत है। यहां कांग्रेस एक मुख्य पार्टी है, तो यह उनके साथ यह समस्या हर जगह देख सकते हैं।

सीपीआई(एम) नेता ने कसा कांग्रेस पर तंजः सीपीआई(एम) नेता सुभाषिनी अली ने कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा, जहां तक सीट बंटवारे का सवाल है तो पार्टियों के विवाद होगा। जब कई पार्टियां है तो सीट बंटवारे के समय विवाद होना तय है। यहां कुछ ऐसी पार्टियां हैं, जिन्हें अपनी क्षमता से अधिक मांगने की आदत है। यहां कांग्रेस एक मुख्य पार्टी है और उनके साथ यह समस्या हर जगह देख सकते हैं। उन्हें भी यह समझना चाहिए कि वह समय चला गया जब कांग्रेस के नाम पर वोट बटोरे जाते थे। यह समय अलग है। गठबंधन को ही वोट मिलता है, इसलिए गठबंधन को गठबंधन ही रहना चाहिए। चाहे महाराष्ट्र हो या झारखंड उन्हें एक साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए।

झामुमो नेता मनोज पांडे ने कहा, लोग आज हमारे बीच मतभेद देख रहे हैं, लेकिन जल्द ही यह विवाद सुलझ जाएगा और सभी संतुष्ट होंगे। हमारा एक बहुत बड़ा लक्ष्य है। हमारा लक्ष्य भाजपा को झारखंड से दूर रखना है। इस लक्ष्य को पाने के लिए हम सभी को संतुष्ट होना होगा। मैं उम्मीद करता हूं कि हम बहुत जल्द किसी नतीजे पर पहुंचेंगे।

## भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा ने वरीय नेता का लिया आशीर्वाद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुरः** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। भाजपा ने जमशेदपुर पूर्वी, पोटका समेत झारखंड के 66 विधानसभा सीट पर अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। इधर जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट से आधिकारिक घोषणा के दूसरे दिन ही प्रत्याशी पूर्णिमा दास ने पूरे उत्साह और जोश के साथ अपनी चुनावी तैयारियां शुरू कर दी। रविवार को भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा दास ने जमशेदपुर महानगर के कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं के घर जाकर उनसे मुलाकात की और आशीर्वाद लिया। उन्होंने पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथिलेश सिंह यादव, वरिष्ठ नेता खेमलाल चौधरी, अचिंतम दास, लालचंद सिंह समेत अन्य प्रमुख नेताओं से उनके घर पर मुलाकात की। इन मुलाकातों में वरिष्ठ नेताओं व पार्टी के अभिभावकों ने न केवल उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, बल्कि उन्हें जीत का आशीर्वाद देकर विधानसभा चुनाव में बड़ी विजयश्री की शुभकामनाएं दीं। विशेष रूप से, अभय सिंह की माता ने उन्हें शगुन भेंटकर आशीर्वाद प्रदान किया। पूर्णिमा ने इसे जीत की आधारशिला बताई। इस दौरान पूर्णिमा दास के संग पूर्वी विधानसभा के कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद थे।



## 21 वीं सदी की शिक्षा जगत में आईसीटी की परिवर्तनकारी भूमिका : विवेक सावंत

### पीसीईटी के पिंपरी चिंचवड विश्वविद्यालय में प्राचार्यों के लिए संवाद सम्मेलन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पटना / प्रिप्ररीः** प्रिपरी चिंचवड एजुकेशन टुरुट (पीसीईटी) के तत्वावधान में प्रिप्ररी चिंचवड यूनिवर्सिटी परिसर में एक बृहद प्रिसिपल कॉन्क्लेव 'संवाद' 2024

एडुकेशनलाइज ने आयोजित किया। मौके पर आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, राजस्थान सहाराष्ट्र, तेलंगाना, सध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिम बंगाल, बिहार व गोवा समेत देश के कई अन्य राज्यों के करीब 50 से अधिक प्राचार्यों व शिक्षाविद शामिल हुए। नवीन शैक्षिक प्रथाओं पर जोड़ देने के उद्देश्य से आयोजित उक्त समारोह में वक्ताओं ने शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए पारिस्थितिकी व प्रौद्योगिकी के एक्कीकरण पर एक विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पूर्व द्वीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरूआत की गई तत्पश्चात यूनिवर्सिटी के कार्यकारी निदेशक डॉ गिरीश देसाई, उप कुलपति डॉ सशिसाला पुरी, और प्रो कुलपति डॉ सुदीप्र क्षेपड़े ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। वहीं स्वागत भाषण, डा सशिसाला पुरी ने दिया, जिन्होने विश्वविद्यालय द्वारा पेश किए गए कार्यक्रमों की, विविध श्रृंखला और शिक्षार्थियों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए, पीसीयू, और पीसीईटी, समूह का, परिचय दिया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और सभी विषयों में नवीन शिक्षण प्रथाओं को बढ़ावा देने के विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण पर जोर दिया। मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि पीसीयू के प्रबंधन बोर्ड के सदस्य सह मुख्य संरक्षक और महाराष्ट्र नॉलेज कॉर्पोरेशन (एमकेसीएल) के पूर्व एमडी विवेक सावंत ने शिक्षण, सीखने और मूल्यांकन में आईसीटी के उपयोग पर एक व्यावहारिक सत्र लिया। उन्होंने शिक्षा में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर दिया और शिक्षकों से 21 वीं सदी के शिक्षार्थी की जरूरतों के अनुरूप नवीन शिक्षण तकनीकों को अपनाने का आग्रह किया। श्री। सावंत के संबोधन को एमकेसीएल के लर्निंग इनोवेशन प्रोग्राम के वरिष्ठ महाप्रबंधक अमित रानाडे ने पूरक बनाया, जिन्होंने एआई-आधारित शिक्षण समाधानों में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। वहीं प्रो उप कुलपति डॉ। सुदीप थेपडे ने मौजूद लोगों को एक व्यावहारिक भाषण दिया । उन्होंने सक्रिय शिक्षण और आलोचनात्मक सोच को अनुकूलित करने के लिए रचनात्मक, छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ थेपाडे ने पीसीयू की शैक्षणिक शिक्षण शिक्षाशास्त्र का एक सिंहावलोकन भी प्रदान किया, जिसमें शैक्षिक परिणामों को बढ़ाने के लिए अनुभवात्मक शिक्षा, अंतःविषय सहयोग और प्रौद्योगिकी के एकीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित किया गया। सम्मेलन को पीसीयू के कुलाधिपति हर्षवर्धन पाटील व अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पी। लांडगे सहित ट्रस्टियों ने भी संबोधित किया ।



## सुविचार

जीवन में सारा खेल बस विचारों का है...
विचार अच्छे रखिए सब अच्छा होगा...

## सीट बंटवारे के बाद भारी बवाल

**झारखंड विधानसभा** चुनाव के मैदान में प्रमुख मुकाबले एनडीए और 'इंडिया' के बीच है। एनडीए में भाजपा ने 66 सीटों पर अपने उम्मीदवार की घोषणा भी कर दी है। सीटें भी आसानी से बंट गईं। इंडिया ब्लाक ने सिर्फ 70 सीटों के थोक बंटवारे की बात कही है। जेएमएम और कांग्रेस कुल 81 में 70 सीटों पर लड़ेंगे। शेष 11 सीटें अन्य साथी दलों में बंटेगी। साथी दलों में आरजेडी, सीपीआई, सीपीआईएम और सीपीआई (एमएल) हैं। अन्य दलों की प्रतिक्रिया तो सामने नहीं आई है, लेकिन आरजेडी ने कड़ा एतराज जताया है। जैसे ही सीट बंटवारे के बाबत जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेताओं ने शनिवार को घोषणा की, इंडिया ब्लाक में शामिल आरजेडी के नेता हत्थे से उखड़ गए। उनके गुस्से का आलम यह था कि एक ही होटल में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व डेप्युटी सीएम तेजस्वी यादव दिन भर रहे, लेकिन तीनों की एक साथ मुलाकात नहीं हुई। सीट बंटवारे से खफा तेजस्वी यादव अपने नेताओं से बैठक के बाद सीधे पटना के लिए रवाना हो गए। आरजेडी के राज्यसभा सदस्य मनोज झा हालांकि रांची में ही रुके रहे। जेएमएम के साथ कई दौर की बैठकों के बाद राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सांसद और पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज झा ने कहा कि इंडिया गठबंधन में 4 या 5 सीटों के ऑफर से उनकी पार्टी के नेताओं-कार्यकताओं और मतदाताओं में भारी नाराजगी है। यह सबको पता है कि राष्ट्रीय स्तर पर आरजेडी ही भाजपा का मुखर विरोधी रहा है। ऐसे में आरजेडी को 4-5 सीटें कत्तई मंजूर नहीं होंगी। अपने जनाधार को देखते हुए 20 से 22 सीटों पर आरजेडी की दावेदारी मानती है। हालांकि 12 सीट भी यदि गठबंधन में राजद को मिले तो समझौता किया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद भी जताई कि सीटों को लेकर चल रही बातचीत का सकारात्मक नतीजा निकल सकता है। एनडीए ने आसानी से सीटों का बंटवारा तो कर लिया, लेकिन इसका साइड इफेक्ट भी दिखने लगा है। भाजपा ने इस बार लुईस मरांडी को टिकट नहीं दिया है। वे दुमका से टिकट की दावेदार थीं। भाजपा को उनकी नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। यानी भाजपा उम्मीदवार सुनील सोरेन को भितरघात का सामना करना पड़े तो आश्चर्य नहीं। भाजपा से केदार हाजरा, मेनका सरदार और आजसू से उमाकांत रजक ने टिकट कटने की आशंका भांप कर उम्मीदवारों की घोषणा से पहले ही इस्तीफा देकर जेएमएम ज्वाइन कर लिया है। और भी कई लोग मौके की तलाश में हैं कि जेएमएम या कांग्रेस में उन्हें जगह मिले तो भाजपा से रिश्ता तोड़ें। सीता सोरेन भी बेटी को टिकट न मिलने से नाराज बताई जा रही हैं।

## मुंबई में अंडरवर्ल्ड के दौर की वापसी?

**महाराष्ट्र** के पूर्व मंत्री और नेता बाबा सिद्दीकी की विजयादशमी के दिन मुंबई के बांद्रा में हुई हत्या अगर अचानक सबसे बड़े चुनावी मुद्दे के रूप में उभरती दिख रही है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं। विधानसभा चुनावों के ऐन पहले हुई इस हत्या ने न केवल सबको सकते में डाल दिया बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर दिया कि क्या देश की वित्तीय राजधानी एक बार फिर गैंगवॉर और अंडरवर्ल्ड के खौफ वाले दौर का गवाह बनने जा रही है। सड़कों पर शूटआउट, गैंगवॉर और बड़े कारोबारियों, बिल्डरों, फिल्मी हस्तियों को धमकियां, वसूली, यहां तक कि हत्या भी मुंबई के लिए कोई नई बात नहीं हैं। नब्बे के दशक के उस दौर की यादें आज भी आम मुंबईकरों के मन से मिटी नहीं हैं। लेकिन कुछ तो मुंबई पुलिस की सख्ती और कुछ आर्थिक गतिविधियों के स्वरूप में आए बदलाव ने उस दौर को अतीत के हिस्से का रूप दे दिया।सिद्दीकी की हत्या से वही डरावना अतीत अचानक वर्तमान में दस्तक देता महसूस हुआ। जिस तरह पहले से धमकी देकर और -लेवल पुलिस सुरक्षा को भेदते हुए बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई, वह अपराधियों के बढ़े हुए मनोबल के साथ ही पुलिसिया तंत्र की कमजोरी भी दशार्ता है। शुरूआती रिपोर्टों में अपराध को अंजाम देने और उसकी जिम्मेदारी लेने के अंदाज के आधार पर इसे लॉरेंस बिश्नोई गैंग की करतूत बताया जा रहा है। हो सकता है यह सच हो, लेकिन ह्यसलमान खान का साथ देनाह्ण इतनी बड़ी वारदात का कारण होगा, यह मानना मुश्किल है। ध्यान रहे, इन चुनावों में धारावी री-डिवेलपमेंट प्रॉजेक्ट एक बड़ा मुद्दा है। खुद बाबा सिद्दीकी भी ईडी जांच के घेरे में थे। उन पर महाराष्ट्र हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन पद के दुरुपयोग का आरोप था। इस मामले में 462 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त हो चुकी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जांच से हत्या के असली कारणों का खुलासा होगा। मगर सबसे बड़ी चुनौती है वित्तीय राजधानी में कानून-व्यवस्था की स्थिति को बिगड़ने नहीं देने की। हाल के दिनों में मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में ऐसी कई घटनाएं हुईं जिनसे यह संकेत गया कि पुलिस-प्रशासन की कानून-व्यवस्था पर पकड़ कमजोर हो रही है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी इस घटना के बाद सबसे पहले यही कहा कि गैंगवॉर जैसे हालात किसी भी सूरत में नहीं बनने देना है। उनके ये शब्द ही सरकार और प्रशासन की सबसे बड़ी कसौटी होंगे।

# भारत की प्रगति अवरुद्ध करने का षड्यंत्र

> रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने और फिश प्लेट ढीली करने की आरंभिक घटनाएँ कैमरे की नजर में आ गईं थीं। जिससे पुलिस आरोपियों तक पहुँच गई थी और कुछ गिरफ्तारी भी हुई। लेकिन बाद की घटनाओं में आरोपितों ने सावधानी बरती और घटना के लिये वे स्थान चुने गये जो कैमरे की पहुँच से दूर हों। इसी प्रकार स्कूल, अस्पताल और हवाई जहाज को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल भी बहुत योजना से भेजे गये। ये भेजे तो भारत से ही भेजे गये थे पर अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से। ताकि आसानी से पकड़ में न सकें।

पूरे देश में स्कूलों, हवाई अड्डों, विमानों को बम से उड़ाने की धमकी, रेल पटरियों पर कहीं डेटोनेटर, कहीं लकड़ी के गट्ठर, कहीं गैस सिलेंडर मिलने लगे। इसके साथ हिन्दू त्यौहारों पर हमले बढ़ गये। यह भारतीय समाज जीवन में भय, आतंक और तनाव फैला कर प्रगति अवरुद्ध करने का नया षड्यंत्र है। इसमें भारत विरोधी अंतरराष्ट्रीय और भारत के भीतर की दोनों शक्तियों का गठजोड़ दिखता है। देशभर में हुए दुर्गा विसर्जन में पथराव और बहराइच में क्रूरता पूर्वक की गई हत्या के दर्द से देश उबरा भी नहीं था कि भारतीय विमानों को उड़ाने की धमकियाँ आने लगीं। दुर्गा विसर्जन से शरद पूर्णिमा के बीच चार दिनों में कुल उन्नीस धमकियाँ मिलीं। सावधानी के लिये सात उड़ानों को या तो स्थगित किया गया अथवा आपात लैंडिंग की गई। कुछ तो ऐसे विमानों की भी आपात लैंडिंग हुई जो विदेश जा रहे थे। हालाँकि विमानों को उड़ाने धमकी भरे ईमेल या फोन

**रमेश शर्मा**

और हिन्दू त्यौहारों पर हमलों की घटनाएँ पहले भी हुई हैं। लेकिन पिछले छै महीनों से भारतीय समाज जीवन में आतंक और तनाव फैलाने वाली इन घटनाओं में बाढ़ सी आ गई है। ये घटनाएँ तीन प्रकार की हैं। इनमें स्कूल, अस्पताल और विमानों और विमानतलों को बम से उड़ाने की धमकियाँ सोशल मीडिया अथवा ईमेल से आईं, दूसरा रेल पटरियों पर कहीं डेटोनेटर, कहीं गैस सिलेंडर, कहीं पत्थर, कहीं लकड़ी के गट्ठर तो कहीं लोहे की राड रखकर रेल दुर्घटना करने का कुप्रयास हुआ और हिन्दु त्यौहारों पर हमले। भारत में ये घटनाएँ नई नयी हैं, ऐसी घटनाएँ पहले भी हुईं हैं लेकिन पिछले छह महीनों में घटी घटनाओं में अंतर है। एक तो संख्या में कई गुना बढ़ोत्तरी हुई है, दूसरे क्रूरता बढ़ी है। हमलों और पथराव का यह क्रम कांवड़ यात्राओं से आरंभ हुआ था। जो गणेशोत्सव और दुर्गा उत्सव में निरंतर बढ़ता रहा। दुर्गाउत्सव में ऐसा कोई दिन नहीं बीता जब दो चार स्थानों से झांकियों पर पथराव का समाचार न आया हो। कुछ घटनाओं में तो झांकियों के भीतर घुसकर प्रतिमा खंडित करने और महिलाओं के साथ मारपीट करने के समाचार भी आये। बहराइच में भीड़ की आक्रामकता से हमलावरों की क्रूरता आसानी समझी जा सकती है।

यह सब ऐसे समय हो रहा है जब भारत में एकजुटता की आवश्यकता थी। इन दिनों भारत विकास की नई अंगड़ाई ले रहा है। आर्थिक समृद्धि से लेकर अंतरिक्ष की ऊँची उड़ान तक नये कीर्तिमान बन रहे हैं। यह विश्व में भारत की बढ़ती साख और प्रतिष्ठा का नया अध्याय है कि गाजा पट्टी का तनाव रोकने और यूक्रेन-रूस युद्ध के समाधान के लिये दुनिया भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आगे आने की अपेक्षा कर रही है। भारत की यह प्रगति और प्रतिष्ठा की मंजिल नहीं है, पहला चरण है। लक्ष्य तो विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान अर्जित करने का है। इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2047 निर्धारित किया है। वह भारत की स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष होगा । मोदीजी का संकल्प है कि स्वतंत्रता की शताब्दी वर्षगांठ पर भारत राष्ट्र विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर प्रतिष्ठित हो। यह काम केवल मोदीजी के संकल्प और सरकार की नीति निर्णयों से नहीं होगा। इसके लिये संपूर्ण भारत और भारत वासियों को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। तभी वर्तमान प्रगति यात्रा अनवरत रह सकेगी और भारत का परम् वैभव पुनर्प्रतिठित हो सकेगा। जिस समय संपूर्ण राष्ट्र में एकत्व और सक्रियता की आवश्यकता है तब बम से उड़ाने की धमकियों से आतंक का वातावरण बनाना, रेल की पटरियों को क्षतिग्रस्त करके समाज जीवन में भय उत्पन्न करना और हिन्दू त्यौहारों पर लगातार हमले करके साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न करना साधारण नहीं हो सकता।

यह आशंका निराधार नहीं हो सकती कि यह भारत की विकास गति अवरुद्ध करने का षड्यंत्र है। इन तीनों के परिणाम पर विचार करें तो इसमें देश विरोधी गहरे कुचक्र की गंध आती है। किसी न किसी स्तर पर इन तीनों प्रकार की घटनाओं के सूत्र एक दूसरे से जुड़े लगते हैं। चूँकि ये घटनाएँ किसी प्राँत या क्षेत्र में घटीं हों इनमें साम्य है। तीनों प्रकार की सर्वाधिक घटनाएँ उत्तरप्रदेश में घटीं। इसके अतिरिक्त बंगाल, असम, राजस्थान, झारखंड, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात से भी आईं। इन सभी प्राँतों के समाज जीवन में बहुत विविधता है। लेकिन सभी प्राँतों में तनाव फैलाने वाली घटनाओं की शैली एक ही है ।

रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने और फिश प्लेट ढीली करने की आरंभिक घटनाएँ कैमरे की नजर में आ गईं थीं। जिससे पुलिस आरोपियों तक पहुँच गई थी और कुछ गिरफ्तारी भी हुई। लेकिन बाद की घटनाओं में आरोपितों ने सावधानी बरती और घटना के लिये वे स्थान चुने गये जो कैमरे की पहुँच से दूर हों। इसी प्रकार स्कूल, अस्पताल और हवाई जहाज को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल भी बहुत योजना से भेजे गये। ये भेजे तो भारत से ही भेजे गये थे पर अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से। ताकि आसानी से पकड़ में न सकें। रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने की घटनाओं में जो सावधानी दूसरे चरण में बरती गई, बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल में वह सावधानी पहले दिन से बरती गई।

किसी भी परिवार, समाज या राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिये सबको एकजुट होना आवश्यक है। सबके साथ से ही सबका विकास संभव है। लेकिन यदि परिवार समाज या राष्ट्र के आंतरिक वातावरण में तनाव है, भय है या टकराव है तो सबसे पहले विकास गति ही प्रभावित होती है। पिछले दस वर्षों से भारत ने जो विकास गति पकड़ी है उससे आयात घटा है, आत्मनिर्भरता बढ़ी है। यह भारत की विकसित तकनीकि का प्रमाण है की अब दुनियाँ के पन्द्रह देश अपने उपग्रहों के प्रक्षेपण में भारतीय तकनीकी की सहायता ले रहे हैं। इससे चीन जैसे अनेक देश ही नहीं अमेरिका और कनाडा की भी एक विशेष लॉबी चिंतित है। इन लॉबियों का गठजोड़ बांग्लादेश के सत्ता परिवर्तन में देखा जा सकता है। वह कहने के लिये छात्र आँदोलन था लेकिन परदे के पीछे वे कट्टरपंथी थे जिनकी मानसिकता भारत और सनातन विरोधी रही है। आंदोलन के साथ हिन्दू मंदिरों और बस्तियों को निशाना बनाया गया। सत्ता परिवर्तन के बाद दुर्गा उत्सव पर लगातार हमले हुये। वह मुकुट भी गायब कर दिया गया जो प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बांग्लादेश यात्रा के समय भेंट किया था। केवल दुर्गा उत्सव के दौरान हमलों और हत्याओं की पैंतीस बड़ी घटनाएँ घटीं जो अंतराष्ट्रीय मीडिया में आईं।

इसे सामान्य नहीं माना जा सकता कि बंगलादेश में कट्टरपंथियों की सफलता के बाद ही भारत में हमले बढ़े हैं। भारत के भीतर दो प्रकार की धाराएँ काम कर रहीं हैं। एक वह राजनैतिक धारा जो सनातन धर्म और परंपराओं को समाप्त करना चाहते हैं। वे अपने उद्देश्य को छुपाते भी नहीं हैं। खुलकर सनातन धर्म को डेंगू- मलेरिया के वायरस जैसा बता कर समाप्त करने की बात करते हैं। दूसरी कट्टरपंथियों की वह धारा है जो मुसलमानों में राष्ट्र की मूलधारा से अलग एकजुटता और आक्रामकता बनाये रखने का अभियान चला रही है। यह केवल भारत में नहीं चल रहा। पाकिस्तान बंगलादेश और अफगानिस्तान सहित भारत के सभी पड़ोसी देशों में चल रहा है। इसे पाकिस्तान और बांग्लादेश के सत्ता परिवर्तन और उसके बाद की घटनाओं से समझा जा सकता है। यह केवल संयोग नहीं है कि पाकिस्तान की सत्ता परिवर्तन के बाद बंगलादेश के घटनाक्रम में तेजी आई और बंगलादेश के सत्ता परिवर्तन के बाद भारत में कट्टरपंथ की गतिविधियाँ तेज हुईं ।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# जाति के सामाजिक यथार्थ को स्वीकार करने की जरूरत

> ब्राह्मणों पर जाति प्रथा लागू करने के आरोप अक्सर लगाए जाते हैं। डॉ. अम्बेडकर ने इसी शोध में कहा था, ह्नजाति व्यवस्था का प्रसार और विकास एक विशाल कार्य था। ब्राह्मण अनेक गल्तियां करने के दोषी रहे हों, कह सकता हू कि वे ऐसे थे लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद सकने की क्षमता उनमें नहीं थी। सही बात है। कोई शक्तिशाली राजव्यवस्था भी अपने शासित लोगों के बड़े वर्ग समूह को जन्मना किसी जाति में ही रहने के लिए विवश नहीं कर सकती।

हम असीम अस्तित्व के अंग हैं। इसलिए लघु से महत होने की संभावनाएं भी हैं। हम शरीरधारी हैं। हमारी पहली सीमा शरीर है। इससे सम्बंधित बड़ी सीमा परिवार है। परिवार के बाद बड़ी संस्था है समाज। परिवार तक ही सीमित रहे तो समाज से अलग रहते हैं। यूरोप और अमेरिकी समाज परिवार से भी पहले वाली सीमा में है। वे व्यक्तिवादी हैं। भारत में परिवार और समाज से राष्ट्रभाव का विकास हुआ है। भारतीय पूर्वज राष्ट्र की

**हृदयनारायण दीक्षित**

सीमा के बाहर भी आत्मीय रूप में संवेदनशील थे। ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ण की अनुभूति भारतीय चिन्तन से ही निकली है। इसके बाद आकाश, सौरमण्डल और फिर असीम ब्रह्म विस्तार का आच्छादन। यहां इकाई अनंत हो गई है। मैं इन पंक्तियों का लेखक भारतीय समाज की जाति सच्चाई के अनुसार ब्राह्मण जाति का हूं। जाति सीमा को तोड़ कर बाहर आऊं तो मानव समाज का हिस्सा हूं। हम इसे और गहरे अनुभव करते हैं तो मैं विश्व मानवता का सदस्य। इसे और फैलाता हूं तो प्रकृति का भाग हूं। अब मैं कीट, पतिंग और वनस्पति जगत का भी सहोदर हूं। मैं अन्ततः ब्रह्माण्ड का हिस्सा हूं।

संपूर्णता पूर्ण है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। सम्पूर्णता आनंदित करती है। संसार का ज्ञान जरूरी है लेकिन हम स्वयं से पूरा परिचित नहीं हैं। आखिरकार हम हैं कौन? प्रश्न का उत्तर आसान नहीं है। हम ही प्रश्नकर्ता है और हम उत्तरदाता। मोटे तौर पर हम सबका उत्तर होगा कि हम मनुष्य हैं। मनुष्य का अर्थ है मनु के। मनु का उल्लेख ऋग्वेद में है, अथर्ववेद में भी है। दर्शन अनुभूति में हम चेतन हैं। लोक व्यवहार में हम भारतीय अमेरिकी या जापानी वगैरह भी है। हम विराट प्रकृति का अंग है। आस्तिकता के कारण हम जरथुस्त्र, ईशा, इस्लाम या भारतीय धर्म के अंग हैं। हमारे बहिरंग परिचय के अनेक रूप हैं। हम पिता हैं, पुत्र हैं। अनेक रिश्तों के बंधन में हैं। अनेक परिचय हैं हमारे। हम किसी न किसी जाति के भी हैं और जाति में होने का कारण हमारा किसी समूह विशेष में जन्म लेना ही है।

लेकिन भारत में जातियां सामाजिक यथार्थ हैं। वे न होतीं तो अच्छा होता। जातियां सामाजिक एकता में बाधक हैं। जाति सामाजिक सच्चाई है। जातियां जन्मना हैं। कोई भी व्यक्ति स्वयं अपनी जाति नहीं चुन सकता। इनका ढांचा सोपान क्रम में है। इसके शीर्ष वाली जातियों का सम्मान रहा है। सीढ़ी में निचली जातियां काफी लम्बे समय से सामाजिक सम्मान से भी वंचित रही हैं। डॉ. अम्बेडकर ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय (1916) में 'जातियों की उत्पत्ति और संरचना' पर शोध प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था 'प्रत्येक समाज में भिन्न-भिन्न वर्ग होते हैं। बौद्धिक आर्थिक या अन्य कारणों से बने वर्ग अपना अस्तित्व भी रखते हैं। भारत में भी ऐसे ही वर्ग रहे होंगे। पुरानी भारतीय वर्ण व्यवस्था को कर्मश्रम आधारित वर्ग कहा जा सकता है। पहले वर्ण जन्मना नहीं थे। वर्ग भी जन्मना नहीं होते। डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि, 'किसी समय किसी एक वर्ग वर्ण ने अपने ही वर्ण वर्ग में विवाह करने का बंधन लगाया होगा। वे कहते हैं जाति के उद्भव के अध्ययन से हमें इस प्रश्न का उत्तर मिलना चाहिए कि वह वर्ग कौन-सा था जिसने अपने लिए बाड़ा खड़ा किया। मैं इसका प्रत्यक्ष नहीं अप्रत्यक्ष उत्तर ही दे सकता हूँ। हिन्दू समाज में कुछ प्रथाएं सर्वव्यापी थीं। अपने समस्त प्रतिबंधों के साथ वे ब्राह्मणों में थीं। ब्राह्मण वर्ग ने स्वयं की घेराबंदी जाति रूप में क्यों की? यह एक भिन्न प्रश्न है? प्रश्न उचित है। ऋग्वैदिक काल में जाति वर्ण नहीं थे। उत्तर वैदिक काल में वर्ण हैं। वर्ण जन्मना नहीं थे। इसलिए जाति नहीं थी। जाति की जन्मतिथि खोजना असंभव है। जाति बंधन मजबूत है। ब्राह्मणों पर जाति प्रथा लागू करने के आरोप अक्सर लगाए जाते हैं। डॉ. अम्बेडकर ने इसी शोध में कहा था, जाति व्यवस्था का प्रसार और विकास एक विशाल कार्य था। ब्राह्मण अनेक गल्तियां करने के दोषी रहे हों, कह सकता हूं कि वे ऐसे थे लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद सकने की क्षमता उनमें नहीं थी। सही बात है। कोई शक्तिशाली राजव्यवस्था भी अपने शासित लोगों के बड़े वर्ग समूह को जन्मना किसी जाति में ही रहने के लिए विवश नहीं कर सकती। जाति का उद्भव पूर्वजों के अचेत कर्म का परिणाम है। सामाजिक परिवर्तन की निरंतरता में जन्मना जातियां बनी। लेकिन हमारे सचेत पूर्वजों ने जाति समाप्ति के लिए अथक श्रम भी किये। गांधी, डॉ. अम्बेडकर, डॉ. हेडगेवार, डॉ. लोहिया, ज्योतिबा फुले और विवेकानंद दयानंद ने भी जाति भेद के विरोध में नवजागरण किया। इस श्रम के बावजूद कतिपय लोगों ने दलित जातियों को जब कब भिन्न नस्ल भी बताया। डरबन में अगस्त 2001 में 'नस्लवाद, नस्ली भेदभाव और असहिष्णुता' पर विश्व कांग्रेस का आयोजन था। भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया था लेकिन डॉ. अम्बेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना था। उन्हें उम्मीद थी कि जातियां खत्म ही होंगी। लिखा था ह्नजाति का चलते रहना असंभव है। ऐसा कार्य दिक्कतों से भरा हैह्व सामाजिक समता अनिवार्य है। सामाजिक न्याय की दिशा में बेशक भारत का काम आगे बढ़ा है। जाति की अस्मिता ज्यादा दिन नहीं चल सकती है

# आपके आचरण मात्र से भी शांत हो सकते हैं ग्रह

हम सभी जानते हैं कि जैसे मनुष्य कर्म करता है, उसको उसी प्रकार का फल प्राप्त होता है। कर्म फल भी रूप परिवर्तित कर व्यक्ति को देर-सवेर सुख-दुख के रूप में प्राप्त होता है। विज्ञान की भाषा में जिस प्रकार पदार्थ कभी नष्ट नहीं होता है, उसका केवल रूप बदल जाता है, उसी प्रकार किया गया कर्म भी कभी निष्फल नहीं होता है। अपने पूर्व जन्मों में किए गए पापों से रुष्ट ग्रहों को प्रसन्न करने के लिए उपासना, यज्ञ, रत्न धारण आदि का विधान प्राचीन ग्रंथों में वर्णित है। अनुभव में आया है कि यदि हम लोग जड़ की अपेक्षा सीधे जीव से संबंध स्थापित करें, तो ग्रह अति शीघ्र प्रसन्न हो सकते हैं।



धर्मशास्त्रों में सफलता के सूत्र, संकेतों के रूप में रहते हैं। मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, गुरु देवो भव, अतिथि देवो भव, वेद वाणी है। इसी प्रकार शास्त्र कहता है, मात्र प्रणाम करने से, सदाचार के पालन से एवं नित्य वृद्धों की सेवा करने से आयु, विद्या, यश व बल की वृद्धि होती है। यदि हम जीवों के प्रति परोपकार की भावना रखें, तो अपनी कुण्डली में रुष्ट ग्रहों की रुष्टता को न्यूनतम कर सकते हैं। हर व्यक्ति पर किसी न किसी ग्रह का अपना एक विशेष प्रभाव रहता है, इस प्रकार का विशेष प्रभाव उसके आचार-विचार, व्यवहार व जीवन की कुछ विशेष व प्रमुख घटनाओं के माध्यम से प्रकट होता है। नौ ग्रह इस चराचर जगत में पदार्थ, वनस्पति, तत्व, पशु-पक्षी इत्यादि सबमें अपना प्रतिनिधित्व समाहित रखते हैं। इसी तरह ऋषि, महर्षियों ने पारिवारिक सदस्यों और आसपास के लोगों में भी ग्रहों का प्रतिनिधित्व बताया है। सूर्य आत्मा के साथ-साथ पिता का प्रतिनिधित्व करता है और चंद्रमा मन के साथ-साथ माता का, मंगल पराक्रम के साथ-साथ छोटे भाइयों का, शनि दुःख के साथ सेवक का, बृहस्पति ज्ञान के साथ गुरू एवं बड़े भाई तथा उनके समकक्ष लोगों का, बुध वाणी के साथ-साथ मामा का, शुक्र ऐश्वर्य के साथ जीवनसाथी का कारक है। इसे ऐसे भी समझा जा सकता है, कि जीवनसाथी को कष्ट देने पर शुक्र प्राकृतिक तौर पर निर्बल होने लगता है, जिसके कारण व्यक्ति का ऐश्वर्य कम हो जाता है। यदि सूर्य ग्रह रुष्ट है तो पिता को प्रसन्न करें, चंद्र पीड़ादायक हो तो माता अथवा माता समान स्त्रियों को प्रसन्न करें, मंगल कष्टकारी है तो छोटे भाई व बहन को प्रसन्न करें, बुध पीड़ादायक है तो मामा एवं बंधुओं को प्रसन्न करें, बृहस्पति रुष्ट है तो गुरुजन एवं वृद्धों को प्रसन्न करें, शुक्र रुष्ट है तो पत्नी को प्रसन्न करें, शनि कष्ट दे रहा हो तो दास-दासी को प्रसन्न करें, राहु कष्टकारी है तो अंगहीन को प्रसन्न करें और यदि केतु अप्रसन्न है तो दीन-हीन, रोगी की सहायता करें। यदि हम प्रेम, सत्कार व आदर का भाव रखकर ग्रहों के प्रतिनिधि के साथ उचित व्यवहार करें तो निश्चित ही रुष्ट ग्रह अपनी कोपता को त्याग कर शांत होंगें। अनुभव में आया है कि यदि ग्रह के प्रतिनिधि जीवों से संबंध खराब हों तो उपासना, पूजन, जप-तप और दान सब कुछ निष्फल ही रहते हैं।

## अध्यात्म

### तितिक्षा

नेक भोगों का घर अर्थात यह संसार! हर प्राणी अपनी इंद्रियों की शक्ति के अनुसार संसार के विविध भोगों में प्रवृत्त होता है। भगवान स्वामीनारायण समझाते हैं कि संसार के शब्द, स्पर्श, रूप, रस व गंध इन पंचविषयों में श्रोत्र (कान), त्वक (त्वचा),चक्षु (आंख), रसना (जीभ), घ्राण (नाक) नामक इंद्रियां प्रवृत्त होती हैं। ये इंद्रियां ही भोग के साधन हैं। पंचविषयों के इन क्षणिक सांसारिक सुख में इंद्रियां व्यक्ति को पूर्णतया डूबा कर रखती हैं। किंतु जैसे शरीर नाशवान है, वैसे ही शरीर के सुख- दु:ख भी नश्वर हैं इसलिए इंद्रियों के विषयों से संबंधित सभी सुख- दु:ख भी अल्पकालिक हैं। इसीलिए भगवान इन सांसारिक सुख- दु:ख को सर्दी- गर्मी की उपमा देकर उन्हें सहन करने को कह कर अर्थात स्थिर रह कर अपने कर्त्तव्य को करने का उपदेश देते हैं। भगवान ने अर्जुन से कहा, इंद्रिय और विषय का संयोग अनित्य है वे गर्मी और सर्दी की तरह बार- बार सुखी- दु:खी करते हैं। हालांकि ये दोनों अस्थायी हैं। अत: अर्जुन! उन्हें स्थिर रह कर सहन करो।' किंतु संसार की नश्वरता को –समझने के बाद भी मनुष्य जाग्रत नहीं है। उसे सोचना चाहिए कि ऐसे सुख से क्या लाभ जिसका परिणाम केवल दु:ख हो! श्रीमद्भागवत में वेदव्यास जी तितिक्षा (अर्थात सुख- दु:ख के द्वंद्वों में स्थिर रहना सहन करना) का वर्णन करते हैं। समझाते हैं कि बाहरी विकट परिस्थितियां स्थिर व्यक्ति की आंतरिक समृद्धि को दूर नहीं कर सकतीं। तितिक्षा को धैर्य' भी कहा जाता है। यह गुण केवल मानसिक ताकत ही नहींङ्क बल्कि जीवन की सच्ची समझ और स्थिरता का भी प्रतीक है। जब व्यक्ति तितिक्षा का अभ्यास करता है तो वह धैर्यपूर्वक परिस्थितियों को स्वीकार करता है और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखता है। संक्षेप में तितिक्षा ऐसा गुण है जो हमें जीवन की कठिनाइयों को सहन करने, समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने और अंतत: आत्मविकास की ओर अग्रसर होने में मदद करता है। इस प्रकार भगवान कृष्ण ने तितिक्षस्व' कहकर सुख- दु:ख के द्वंद्वों का निराकरण स्थिरता और धैर्य से करने का उपदेश दिया॥।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## यूज ब्रीफ

### अवैध नकली शराब बनाने का भंडाफोड़



**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस कप्तान अमित कुमार सिह के निर्देश पर प्रत्येक थाना क्षेत्र में अवैध तरह से चल रही कारोबार पर पैनी नजर बनाए रखे हैं। इसी संदर्भ में सोमवार को तालझारी प्रखंड क्षेत्र के महराजपुर स्थित विदेशी शराब दुकान में अवैध नकली शराब बनाने का भंडा फोड हुआ है।इस दौरान भारी संख्या में नकली शराब बरामद कि गई है। समाचार लिखे जाने तक कानुन प्रक्रिया जारी था ।

### फोर्स के ठहराव को लेकर निरीक्षण किया एसडीपीओ एसएसबी कमांडेंट



**साहिबगंज/मंडरो :** बोरियो विधानसभा चुनाव को लेकर देर शाम को एसएसबी कमांडेंट एसएस चौहान, एसडीपीओ किशोर तिर्की राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी व मिजाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव के द्वारा भगैया उच्च विद्यालय मिजाचौकी स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय व हाट परिसर का धर्मशाला परिसर में चुनाव को लेकर आने वाले फोर्स के ठहराव को लेकर निरीक्षण किया गया।इस दौरान क्लस्टर परिसर में शौचालय बिजली पानी पंखा आदि की सुविधाओं की जानकारी ली गई।वहीं जीन क्लस्टर में इन सुविधाओं की कमी है,उन्हें जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया, मौके पर मिजाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव सहित कई पुलिस फोर्स मौजूद थे।

### झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का पूर्वभ्यास



**साहिबगंज :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती की उपस्थिति में 01राजमहल विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी कपिल कुमार, 02 बोरियो अ0ज0जा0 विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार 03 बरहेट अ0ज0जा0 विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी गौतम कुमार भगत ने नामांकन प्रक्रिया का पूर्वभ्यास किया ।

### झारखंड मजदूर संघ का सदस्यता अभियान चलेगा:राजकुमार



**साहिबगंज/बोरियो:** झारखंड मजदूर संघ प्रजा०की बैठक प्रखंड अध्यक्ष आलोक सेन की अध्यक्षता में उनके आवास में हुई।बैठक में मुख्य रूप से संगठन के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मौजूद थे।जहा सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा किया गया,एवं सदस्यता अभियान चलाया गया। वही राजकुमार यादव ने कहा कि किसी भी संगठन को चलाने एवं मजबूती के लिए संगठन का सदस्य बनना जरूरी है।श्री यादव ने कहा कि 21 सितंबर से 21अक्टूबर तक झारखंड मजदूर संघ का संगठन मजबूती के लिए सदस्यता अभियान चलायेगी।वही आज संतोष मोदी,पिनाकी सेन,मंगल मरांडी,गंगाराम मढैया,ताला मुर्मू बबलू हांसदा,बैजनाथ टुडू,चुंडा मरांडी सहित 15 लोगो ने मजदूर संघ का सदस्य बने।मौके पर फूल कुमारी,शंभू पंडित,कार्तिक राय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### युवक की लंबी बीमारी से हुई मौत

**जामा :** जामा थाना क्षेत्र के नाचनगड़िया पंचायत के खेपचुवा गांव में शनिवार को लंबी बीमारी के बाद एक युवक की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दे दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम के लिये भेजी। जानकारी के अनुसार मृतक बेटका हांसदा उम्र 27 वर्ष कई महीनों से बीमार चल रहा था। शनिवार को देर शाम अचानक तबियत ज्यादा खराब होने पर उसने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी द्वारा थाना को लिखित नहीं दिया गया है। लिखित मिलने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### सतबरवा में डीसी ने किया चेक पोस्ट का निरीक्षण

पलामूः विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का रविवार को उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने जायजा लिया। डीसी और एसपी के साथ वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार भी थे। इन्होंने सतबरवा थाना के पास रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बने चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों द्वारा की जा रही गतिविधियों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने वहां के रजिस्टरों की जांच की और चेक पोस्ट की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया।

# अफवाह पर ध्यान ना दें एकजुट रहें सभी कार्यकर्ता : बरकतुल्लाह खान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** बुथ कमेटी की समीक्षात्मक चर्चा तथा विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को बरहरवा प्रखंड के कालू तथा बरारी पंचायत में कांग्रेस कार्यकताओं ने बैठक कियोकालू पंचायत के लिए बैठक की अध्यक्षता प्रदीप साहा ने किया।जबकि बरारी पंचायत के बैठक की अध्यक्षता शरद चंद्र मंडल ने कीदोनों जगह पर आयोजित बैठक में विशेष अतिथि के तौर पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान तथा कोर कमेटी के सदस्य मोहम्मद नसीरुद्दीन परमिट तिवारी एवं तमिजुद्दीन शेख भी इस बैठक में उपस्थित थेदोनों जगह पर आयोजित बैठक में बूथ कमेटी के पिछले क्रियाकलापों की समीक्षा की गई तथा कमेटी के सभी सदस्यों को सरकार द्वारा चलाई गई योजना के बारे में जन-जन को जागरूक करने का निर्देश दिया गयो दोनों जगहो पर उपस्थित बूथ कमेटी के सदस्यों एवं वरिष्ठ कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एक विचारधारा की पार्टी है जो सिर्फ



और सिर्फ समाज के सभी वर्ग के लोगों की हितों की राजनीति करती हैयही वजह है कि महागठबंधन की सरकार ने एक तरफ जहां पूरे झारखंड में बकाया बिजली बिल माफ किया।

वही मैया सम्मान योजना तथा अबूवा आवास के तहत गरीब तबके के लोगों को घर एवं अनुदान राशि देकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम कियो इतना ही नहीं हमारी सरकार सावित्री बाई फूलो योजना के तहत शिक्षण रत किशोरियों को भी लाभ दिलाने का काम किया।उन्होंने आगे बताया कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने पुल पुलिया तथा सड़कों का जाल बिछाकर जहां कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए क्षेत्र में रोजगार के संसाधन उत्पन्न करने का काम किया वही विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न छोटे-बड़े नदियों में चेक डैम बनाकर किसानों के खेतों को पानी पहुंचाने का जो सराहनीय कार्य किया है। वह आप लोगों के सामने हैउन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि आप लोग विपक्षी पार्टियों के भ्रामक एवं छल कपट में ना आए आप अपने कीमती मतों की ताकत को समझेंकांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता 24 घंटा आप लोगों के सेवा के लिए तत्पर है और आगे भी रहेगा कभी किसी को किसी प्रकार की परेशानी होने की स्थिति में हम सभी लोग आपके साथ हैं इसके अलावा उन्होंने अपने अभिभाषण में सरकार द्वारा चलाई गई योजना के बारे में भी विस्तृत रूप से लोगों को जानकारियां दी और आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान कियोइस दौरान ओम राय,रूप कुमार, रामानी, रघुवीर पंडित,फेकेन रामानी, रामजायेद घोष,पवन रामानी,उत्तम मंडल, तपन मंडल, दीपक मंडल,अखलाकुर रहमान, नेफाउर, बोकुल बाउरी, निमाई मंडल, निखिल सरकार, शंकर सरकार, महफूज आलम, रामहरि मण्डल,सखी रमानी, बिशु घोष, बबलू शेख, विष्णु ठाकुर,जफर शेख,यूनुस शेख, जमीरुल शेख,मासूम आलम,के अलावे काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गन भी उपस्थित थे।

## महिला कर्मियों का डेटा बेस हो रहा है तैयार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** विधानसभा आम चुनाव -2024 अंतर्गत आज दिनांक- 20.10.2024 को निर्वाचन हेतु साहेबगंज जिला में गठित विभिन्न कोषांगों में की जा रही कार्यकलाप गतिविधियाँ कार्मिक कोषांग विधानसभा आम चुनाय-2024 में निर्वाचन कार्य में लगाये जाने वाले मदतान पदाधिकारी, पीओ पीवन पीटू, पीतीन का नियुक्ति पत्र तामिला हेतु भेजा गया।आईटी सूचना एवं तकनीक कोषांग निर्वाचन कार्यों में लगाए जाने वाले महिला कर्मियों का डेटा बेस तैयार किया जा रहा है।सामग्री कोषांग निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त लेखन संबंधि सामाग्रियाँ यथा कलम, कार्बन, आदि का पैकिंग किया गया। वाहन कोषांग विधानसभा आम चुनाव 2024 हेतु वाहनों का अधिग्रहण के लिए संबंधित थाना को नोटिस तामिला करवाया गया। मीडिया-सह-हेल्प डेक्स कोषांग साहिबगंज जिला में निर्वाचन हेतु गठित विभिन्न कोषांगो में की जा रही गतिविधियों का न्यूज बुलेटिन तैयार किया गया। स्वीप कोषांग साहिबगंज जिला के सभी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सिद्धो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे दो दिवसीय बैटमिंटन प्रीमियर लीग टूनार्मेंट का समापन समारोह में उपायुक्त, साहिबगंज व पुलिस अधीक्षक साहिबगंज उपस्थित हुए।प्रशिक्षण कोषांग विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत सभी नव नियुक्त बीएल एमटी एवं पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी बीएल एमटी का जिला पंचायती राज कार्यालय, उपरीतल्ला, सभा भवन, साहेबगंज में प्रशिक्षण दिया गया। पोस्टल बैलेट कोषांग पोस्टल बैलेट कोषांग में उप निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त फार्म 134, 13बी, 13सी, 13डी आदि का मिलान किया गया।जैप-9 का फार्म 12 का कुल 52 आवेदन जिला पुलिस का कुल 16 आवेदन एवं होमगार्ड का कुल 22 आवेदन प्राप्त किया गया। निर्वावन कोषांग राज्य से उपलब्ध कराई गई चुनाव संबंधी सामाग्रियों को कोषांगवार उपलब्ध कराया जा रहा है। विभाग से पत्र के माध्यम से प्राप्त निदेशो को संबंधित कोषांगो को प्रेषित किया गया।

## राजू पूजहर ने थामा झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का दामन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जामाः** भाजपा की ओर से विधानसभा उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने के बाद पार्टी से इस्तीफा देने का सिलसिला शुरू हो गया है। सबसे पहले पोटका से पार्टी की कद्दावर नेता मेनका सरदार ने बाबूलाल मरांडी को अपना इस्तीफा सौंप दिया और अब कार्यकताओं ने भी इस्तीफा देना शुरू कर दिया है। बताते चलें कि जामा प्रखंड के भाजपा नेता सह समाजिक कार्यकर्ता राजू पुजहर ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जिला कार्यालय दुमका में जिलाध्यक्ष निरंजन मुर्मू और जिला सचिव हेंमत कुमार दास



के समक्ष सैकड़ों कार्यकताओं के साथ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर ली। सूत्रों के अनुसार राजू पुजहर जामा विधानसभा से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी हो सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि पूर्व मंत्री सह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. लुईस मरांडी भी दुमका विधानसभा सीट से टिकट नहीं मिलने पर नाराज हैं। डॉ. लुईस मरांडी के भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में जाने की अटकलें लगाई जा रही है।

### बस की चपेट में आने से मोपेड सवार अधेड़ की हुई मौत

**जामाः** जामा थाना क्षेत्र के दुमका मसलिया मुख्य मार्ग पर चुटोनाथ के पास रविवार को पूजा ट्रेवल्स यात्री बस के चपेट में आने से मोपेड सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिये फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजवायी। ए.एस.आई कौशलेन्द्र सिन्हा ने बताया कि इलाज के दौरान घायल की मौत हो गयी है। मृतक सोम मुर्मू उम्र 60 वर्ष जामा थाना क्षेत्र के छातापहाड़ी गांव का रहनेवाला बताया जाता है। वह किसी कार्य से मोपेड से दुमका जा रहा था कि चुटोनाथ गेट के पास पूजा ट्रेवल्स बस के चपेट में आ गया और बस के नीचे वो फंस गया। बस लगभग 100 मीटर जाने के बाद रुकी तो घायल को बस के नीचे से बाहर निकाला गया। लेकिन वो गंभीर रूप से घायल हो चुका था। पुलिस एवं ग्रामीणों की तत्परता से उसे फुलो झानो अस्पताल भेजवाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। उधर बस चालक बस खड़ी कर मौके से फरार हो गया। पुलिस बस को जब्त कर थाना ले आयी है।

## बिहार-झारखण्ड सीमा चेकपोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/मंडरोः** झारखंड विधानसभा चुनाव घोषणा के साथ बिहार -झारखंड की सीमा पर पुलिस ने आने-जाने वाले हर छोटे-बड़े वाहनों की जांच को ले चेकपोस्ट स्थापित किया है। चेकपोस्ट पर मिजाचौकी थाने की पुलिस दिन-रात मुस्तैद रहकर हर गतिविधियों पर विशेष रूप से नजर रख रही है। थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव बताया कि वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड की झारखंड बिहार सीमा मिजाचौकी भगैया गोखल मिशन निकट थाना क्षेत्र के समीप चेकपोस्ट पर आठ-आठ घंटों के तीन शिफ्टों में पुलिस पदाधिकारी के अलावा सशस्त्र पुलिस बल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। जिनके द्वारा झारखंड की सीमा से आने- जाने वाले हर छोटे-बड़े वाहनों की गहन तलाशी ली जा रही है। चुंकी मिजाचौकी थाना का क्षेत्र बिहार की सीमा से लगती है। चेक पोस्ट पर तैनात सब इंस्पेक्टर अमीरका राम ने बताया कि बिहार से झारखंड जाने व आने वाले हर प्रकार के वाहनों की तलाशी ली जा रही है।शराब, हथियारों, अवैध कैश के आगमन के रोकथाम के लिए विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है। झारखंड की सीमा से आने-जाने वाले प्रत्येक वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर, आवागमन व प्रस्थान स्थलों की विस्तृत जानकारी दैनिक पंजी में अंकित किया जा रहा है। गौरतलब हो कि झारखंड में दो चरणों में 13 नवंबर और 20 नवंबर को विधानसभा का चुनाव होना है। बोरीयो विधानसभा में 20नवंबर दुसरे चरण में मतदान होगा। बोरीयो विधानसभा क्षेत्र बिहार की भागलपुर जिला के क्षेत्र से लगती है। मौके पर सब इंस्पेक्टर अमीरका राम,मजिस्ट्रेट जावेद अख्तर, हवलदार रतन हांसदा, चौकीदार गणेश आदि पुलिस बल महजुद थे।

## विमल भूषण गुहा को दी गई अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि



**दुमका।** शहर के इंडोर स्टेडियम के सभागार में रविवार को जिला खेलकूद संघ के नेतृत्व में विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारीयो पूर्व खिलाड़ी व खेल प्रेमियों ने हम सबों के अभिभावक, वरिष्ठ खिलाड़ी एवं सभी खेल संघ के संरक्षक *स्वर्गीय विमल भूषण गुहा उर्फ बाबू दा* को नम आंखों से उनके तेलिया चित्र पर 2 मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए खेल में उनकी भागीदारी उनका समर्पण किस तरह उन्होंने एक समय अपने गले के सोने के चेन को बेचकर टीम को प्रतियोगिता में भाग दिलवाया था । यह उनके खेल के प्रति समर्पण के भाव को दशार्ता है आज हम सभी उनको अपने-अपने दिल में जिंदा रखने का वादा करके श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं। शोक सभा में उमाशंकर चौबे, कृष्णा सिंह, वरुण कुमार, शिशिर कुमार घोष, मनोज कुमार घोष, निमाय कांत झा, हैदर हुसैन, मुकेश कुमार, भास्कर सिंह, विद्यापति झा, संजय कुमार तिवारी, सिकंदर बख्श, सूरज केसरी, अमरनाथ चौधरी, संजय कुमार, अमित कुमार पाठक, दाउद अली, राधे भालोटिया, संतोष गोस्वामी, ज्ञान प्रकाश ठाकुर, घनश्याम प्रसाद, संजय तिवारी, चुन्नू सिंह बंशीधर पंडित इत्यादि लोग श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए।

## झारखंड क्रांति सेना राजनीतिक का तीसरा विकल्प : अमर मरांडी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** शहर के कन्वेंशन सेंटर के समीप रेलवे स्टेशन रोड स्थित ऑक्सपॉर्ट स्कूल के सामने रविवार को झारखंड क्रांति सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अमर मरांडी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हो गई. बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष अमर मरांडी ने कहा कि झारखंड बने 24 वर्ष हो गए। जिसमें वर्तमान समय में पक्ष और विपक्ष दोनों ने बारी-बारी से सत्ता में रह कर झारखंड और झारखंडियों को ठगने का काम किया है। जिसके फलस्वरूप ₹झारखंड क्रांति सेना₹ तीसरे विकल्प के रूप में राजनीतिक में आना पड़ा।

केंद्रीय महासचिव राजीव बास्की ने कहा कि झारखंड के पढ़े-लिखे शिक्षित बेरोजगार छात्र वर्तमान सरकार के कार्यों से त्रस्त है। जिसके कारण रोजगार विहीन




युवा रोजगार के तलास में अन्य राज्य पलायन कर रहे हैं। जबकि झारखंड राज्य खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के बावजूद यहां के आम आवाम रोजगार के लिए तरस रहे हैं।

निखिल मुर्मू ने कहा कि ₹झारखंड क्रांति सेना₹ इस बार की विधानसभा चुनाव में संताल परगना के कई सीटों पर अपना प्रत्याशी को उतार कर मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी।

डॉ. सुशील मरांडी ने कहा कि वर्तमान सरकार जिन मुद्दों के साथ चुनाव जीती थी। उन सभी मुद्दों पर खरा नहीं उतर पाए। झारखंड में युवा नौकरी के तलास में पांच साल गुजार दिए। लेकिन उन्हें निराशा ही हांथ लगी। जिससे तंग आकर झारखंड के आम आवाम तीसरे विकल्प की तलास कर रहे हैं जिसका भरपाई ₹झारखंड क्रांति सेना₹ करने जा रही है।

मौके पर सुशील सोरेन (प्रधान मुख्य वन संरक्षक), पी. के हेंब्रम (सेवानिवृत्त एसडीओ टेलीफोन विभाग), गामालिएल हांसदा (सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट), प्रेम हांसदा, जॉन एमानुएल सोरेन, रवि मरांडी, लवकिशोर टुडू, फ्रांसिस मुर्मू, दिलीप टुडू, राली किस्कू, सुलेश मरांडी, अमित मुर्मू, डेविड हेंब्रम, सनी टुडू, मार्टिन किस्कू, मनोज, राजू हांसदा, डोनाल्ड हांसदा, मुन्ना हेंब्रम आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# 'पुष्पा 2' में अल्लू अर्जुन के साथ आइटम सॉन्ग करेंगी श्रद्धा कपूर

'पुष्पा2'' की उत्सुकता चरम पर है। पिछले कई दिनों से अल्लू अर्जुन की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पुष्पा2' काफी दिनों चर्चा में है। पिछले कुछ महीनों से सोशल मीडिया पर 'पुष्पा 2' को लेकर तरह-तरह के अपडेट्स आ रहे हैं। जब 'पुष्पा' रिलीज हुई तो इसके गाने 'उ अंतवा' ने खूब चर्चा बटोरी। सामंथा और अल्लू अर्जुन का जबरदस्त डांस सभी को पसंद आया। अब हर कोई इस बात को लेकर उत्सुक था कि 'पुष्पा 2' में अल्लू अर्जुन के साथ कौन आइटम सॉन्ग करता नजर आएगा। आखिरकार पर्दा हट गया। कई लोगों ने सोचा था कि पहले पार्ट की तरह 'पुष्पा 2' में भी सामंथा और अल्लू अर्जुन का डांस परफॉर्मेंस देखने को मिलेगा। लेकिन ऐसा नहीं होगा। 'पुष्पा 2' में अल्लू अर्जुन के साथ अभिनेत्री श्रद्धा कपूर नजर आने वाली हैं। मेकर्स ने कई एक्ट्रेस के नाम फाइनल कर श्रद्धा के नाम पर मुहर लगा दी है। बेशक, आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। 'पुष्पा द राइज' में पुष्पा का लुक और किरदारों का अंदाज लोगों को काफी पसंद आया था। इसके बाद अब फैंस इस बात को लेकर उत्सुक हैं कि अगले पार्ट में क्या होगा। अब फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' 6 दिसंबर 2024 को रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ एक बार फिर रश्मिका मंदाना बड़े पर्दे पर नजर आएंगी। इसके अलावा फहद फाजिल भी एक बार फिर पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी सुकुमार ने ली है।





# भूल भुलैया 3 में मंजुलिका बनीं माधुरी दीक्षित, विद्या बालन से होगी टक्कर

अनीस बज्मी की हॉरर-कॉमेडी भूल भुलैया 3 साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म निमार्ता सोशल मीडिया पर लगातार अपडेट साझा कर रहे हैं। इस बीच विद्या बालन ने माधुरी दीक्षित के साथ धमाकेदार मुकाबले की एक रोमांचक क्लिप जारी की है।फिल्म निमार्ताओं ने फिल्म के प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कई टीजर और ट्रेलर जारी करने के बाद टी-सीरीज ने भी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नया टीजर जारी किया, जिस पर लिखा है इस दिवाली, रूह बाबा बनाम मंजुलिका देखने के लिए तैयार हो जाइए!

भूल भुलैया-3 का ट्रेलर आउट।वीडियो की शुरूआत कार्तिक आर्यन की कमेंट्री से होती है, जिसमें वो कहते हैं कि केवल मूर्ख ही भूतों से डरते हैं। उसी समय माधुरी दीक्षित मंजुलिका के रूप में चिल्लाती सामने आती हैं और कहती हैं आप तो डर गए। इसके बाद कार्तिक का किरदार रूह बाबा विद्या से कहता है मंजू, मैं तुम्हारे लिए आ रहा हूं।इस बीच कार्तिक और विद्या लोकप्रिय गेम शो कौन बनेगा करोड़पति 16 पर फिल्म का प्रचार करते नजर आएंगे। एपिसोड के कई प्रोमो पहले ही जारी किए जा चुके हैं, जिसे लेकर प्रशंसक उत्साहित हैं और बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।अनीस बज्मी की आगामी फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, संजय मिश्रा, तृप्ति डिमरी और राजपाल यादव, संजय मिश्रा समेत अन्य कलाकार अहम रोल में हैं।फिल्म का ट्रेलर 17 अक्टूबर को जयपुर में लॉन्च किया गया था। यह भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है। फिल्म 1 नवंबर को रिलीज होने के लिए तैयार है।

# अदा शर्मा को सुशांत के फ्लैट में शिफ्ट होने के लिए काटने पड़े कोर्ट के चक्कर



**बॉलीवुड अभिनेत्री** अदा शर्मा फिल्म 'द केरला स्टोरी' के कारण सुर्खियों में आईं। इससे पहले अदा ने हॉरर फिल्म '1920' में भी काम किया था। वह फिल्म 'हंसी तो फैंसी' में भी नजर आई थीं। 'द केरल स्टोरी' के हिट होने के बाद उनके प्रशंसकों की संख्या बढ़ गई। कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि अदा, सुशांत सिंह राजपूत के घर में शिफ्ट हो गई हैं। अदा फिलहाल बांद्रा स्थित उसी घर में किराए पर रह रही हैं, जहां सुशांत ने आत्महत्या की थी। चर्चा है कि इस घर में शिफ्ट होने के लिए उन्हें कोर्ट के चक्कर लगाने पड़े।

मीडिया से बातचीत दौरान अदा ने कहा, ₹किसी भी प्रोजेक्ट को साइन करने से पहले वकील सबसे पहले कॉन्ट्रैक्ट पढ़ता है। इसलिए मुझे हर दिन वकीलों से निपटना पड़ता है। साथ ही घर शिफ्ट करने के बाद उसके दस्तावेज पूरे करने के लिए मुझे कोर्ट जाना पड़ता था। वो काम घर बैठे ऑनलाइन भी कर सकते हैं, लेकिन अपने ब्रोकर के कहने पर मैंने अदालत में जाकर कागजों पर साइन किया। इससे पहले मेरे परिवार में किसी ने कोर्ट मैरिज की, तब मुझे जाना पड़ा था। अदा शर्मा की 'रीता सान्याल' सीरीज हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। फिलहाल वह इंडस्ट्री में सक्सेस एन्जॉय कर रही हैं। लेकिन सुशांत के घर में शिफ्ट होने के बाद कुछ लोगों ने उनकी आलोचना की। उन्होंने सभी को जवाब दिया कि वह सुशांत के घर में बहुत खुश हैं।

# द हंड्रेड टीमों के लिए बोली लगाने वाली फ्रैंचाइजियों में एमआई, सीएसके, एसआरएच और केकेआर शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आधा दर्जन से ज्यादा फ्रैंचाइज़ियों ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा संचालित 100-बॉल लीग द हंड्रेड में औपचारिक रूप से रुचि दिखाई है। शुक्रवार, 18 अक्टूबर को पहले दौर की बोलियाँ जमा करने की समयसीमा थी, और आधिकारिक तौर पर रुचि दिखाने वालों में से ज्यादातर भारतीय निवेशक हैं, खास तौर पर आईपीएल फ्रैंचाइजी।

क्रिकबज के अनुसार, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच), लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी), मुंबई इंडियंस (एमआई), कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बोलियाँ जमा की हैं। हालाँकि



इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन समझा जाता है कि राजस्थान रॉयल्स ने भी बोली लगाई है, साथ ही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की एक फ्रैंचाइजी यूपी वॉरियर्स ने भी बोली लगाई है, जिसका स्वामित्व दुबई स्थित कैप्री ग्लोबल ग्रुप के पास है।

मैनचेस्टर यूनाइटेड के सह-मालिक और आईएलटी20 में डेजर्ट वाइपर्स टीम के संचालक, एवरम ग्लेजर की लांसर कैपिटल्स ने भी बोली में भाग लिया है। दिलचस्प बात यह है कि ब्रिटिश फर्म डियाजियो के स्वामित्व वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स की तरह ही बोली नहीं लगाई, जिसने इंग्लिश लीग में टीम के मालिक बनने के अवसर से दूर रहने का विकल्प चुना।

अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि गुजरात टाइटन्स बोली में हिस्सा ले रहा है या नहीं, लेकिन अहमदाबाद फ्रैंचाइज के मालिक सीवीसी कैपिटल का यू.के. में एक कार्यालय है। सीवीसी के भारतीय अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं है कि यू.के. कार्यालय ने बोली लगाई है या नहीं। विभिन्न खेल संपत्तियों में सीवीसी कैपिटल की विश्वव्यापी भागीदारी को देखते हुए, ऐसी धारणा है कि उन्होंने भी रुचि दिखाई होगी। संयोग से, गुजरात टाइटन्स के परिचालन प्रमुख निक क्लैरी लंदन में रहते हैं, जिससे उनकी संभावित भागीदारी की संभावना बढ़ जाती है।

चूंकि यह बोली का केवल पहला दौर है, इसलिए इस स्तर पर निवेशकों के लिए द हंड्रेड में आठ टीमों में से किसी एक का चयन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह निर्णय दूसरे और अधिक गंभीर दौर में आएगा, जो ईसीबी के अनुसार, आईपीएल नीलामी समाप्त होने के बाद हो सकता है। दूसरे दौर में वाणिज्यिक चर्चाएँ भी अपेक्षित हैं, सूत्रों से पता चलता है कि ईसीबी 75 मिलियन पाउंड और 100 मिलियन पाउंड के बीच फ्रैंचाइज मूल्यांकन की उम्मीद कर रहा है।

ईसीबी द्वारा साझा किए गए सूचना ज्ञापन (आईएम) के अनुसार, इंग्लिश बोर्ड वर्तमान में द हंड्रेड प्रतियोगिता और इसकी सभी टीमों का 100 प्रतिशत स्वामित्व रखता है। यह 'आठ टीमों में से प्रत्येक का कम से कम 49 प्रतिशत हिस्सा नए निवेशकों को बेचेगा, जिनके पास द हंड्रेड को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए दृष्टि, अनुभव और क्षमताएं हैं।'

किसी टीम में हिस्सेदारी खरीदने के इच्छुक निवेशकों को किसी एक टीम में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए 40 मिलियन पाउंड से 50 मिलियन पाउंड के बीच निवेश करना पड़ सकता है। बोली के दूसरे दौर के दौरान मूल्यांकन सामने आएगा।

शेष 51 प्रतिशत प्रत्येक टीम से जुड़ी काउंटियों के पास रहेगा, जिससे नए निवेशक संबंधित काउंटी के साथ संयुक्त उद्यम में भागीदार बन जाएंगे। निवेशकों के पास काउंटियों के 51 प्रतिशत का कुछ या पूरा हिस्सा खरीदने का विकल्प भी है।

आईएम के प्रासंगिक हिस्से में कहा गया है, 'ईसीबी फिर प्रत्येक टीम में अपनी शेष हिस्सेदारी उनके संबंधित मेजबानों को उपहार में देने की योजना बना रहा है, जिससे नए निवेशकों और दुनिया के कुछ प्रतिष्ठित क्रिकेट संस्थानों के बीच एक स्थायी साझेदारी बनेगी। इस प्रक्रिया के एक हिस्से के रूप में, मेजबानों के पास टीमों में अपनी इक्विटी का एक हिस्सा नए निवेशकों को बेचने का विकल्प भी होगा ताकि नियंत्रण की स्थिति का रास्ता मिल सके।'

# इथियोपियाई एथलीटों ने जीता एम्स्टर्डम मैराथन



एजेंसी

**द हेग।** इथियोपिया के एथलीट त्सेगाये गेटाचेव ने रविवार को एम्स्टर्डम मैराथन जीत लिया है, जबकि यालेमजेरफ येहुआलॉ महिला वर्ग में जीत हासिल की । गेटाचेव ने 2:05:38 के समय के साथ एम्स्टर्डम मैराथन में अपनी दूसरी जीत हासिल की। ??उनके ठीक पीछे इथियोपिया के बोकी असेफा थे, जो 2:05:40 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, और इजराइल के मारू टेफरी, जो 2:05:42 के समय के साथ तीसरे स्थान पर आए। महिलाओं की दौड़ में, पसंदीदा यालेमजर्फ येहुआलॉ ने 2:16:52 में जीत हासिल करते हुए एक नया कोर्स रिकॉर्ड बनाया। इथियोपिया की ही हेवन हैलू 2:19:29 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि केन्या की विनफ्रिदा मोसेटी तीसरे स्थान पर रहीं।

# आईएसएल : हैदराबाद एफसी पर दबदबा कायम रखना जमशेदपुर एफसी का लक्ष्य

एजेंसी

**जमशेदपुर।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के पांचवें मैच सप्ताह के अंतिम मुकाबले में शानदार फॉर्म में चल रही जमशेदपुर एफसी और जुझारू हैदराबाद एफसी आज शाम जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भिड़ेंगी। जमशेदपुर एफसी ठोस शुरूआत को जारी रखना चाहती है जबकि हैदराबाद एफसी सीजन की अपनी पहली जीत की उम्मीद कर रही है।

जमशेदपुर की टीम गोल पोस्ट के सामने घातक रही है, क्योंकि उन्होंने अपने पिछले सात आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में स्कोर किया है। वे सीजन की अपनी सर्वश्रेष्ठ शुरूआत करके चार मैचों में नौ अंक जुटा चुके हैं। जमशेदपुर ने हैदराबाद एफसी के खिलाफ अपने पिछले तीन मुकाबलों में जीते हैं, जिससे उनका दबदबा नजर आता है। अगर वे आगामी मैच जीत लेते हैं, तो आईएसएल इतिहास में किसी भी टीम के खिलाफ लगातार चार जीतने के अपने रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। हैदराबाद एफसी ने अपने पिछले मैच में चेन्नइयन एफसी के खिलाफ क्लीन शीट हासिल की और अपने पिछले पांच मैचों में कम से कम दो गोल खाने का अनचाहा




सिलसिला तोड़ा। वो मार्च 2023 के बाद पहली बार लगातार क्लीन शीट रखने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। हालांकि, उसे अपने हमलों में पैनापन लाने की जरूरत है, क्योंकि वो इस सीजन में जीत से वंचित है। कोच थांगबोई सिंग्टो की टीम का इरादा इस सीजन में लगातार सकारात्मक परिणाम पाने का होगा। हैदराबाद के पास पहली बार लगातार आईएसएल मैचों में अपराजित रहने का मौका है। वो दिसंबर 2022 से फरवरी 2023 तक लगातार चार मैचों में अपराजित रही थी। जमशेदपुर एफसी के हेड कोच खालिद जमील अपनी टीम को घरेलू परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें हैदराबाद एफसी की क्षमताओं की जानकारी है।

जमील ने कहा, 'यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण मैच है। हम अपने घरेलू दर्शकों के सामने एक अच्छी टीम से खेलेंगे। हैदराबाद पहले से अधिक मजबूत हुई है। हमें अच्छी तैयारी के साथ माकूल परिणाम पाने हैं।'

हेड कोच थांगबोई सिंग्टो के अनुसार हैदराबाद एफसी पिछले कुछ हफ्तों में टीम के रूप से बेहतर हुई है। इससे उन्हें मैदान पर सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ी एक टीम के तौर पर मजबूत हुए हैं। फुटबॉल एक टीम खेल है। अगर वे इस भावना को मैदान पर उतारेंगे तो परिणाम अपने आएंगे।'

बता दें कि दोनों टीमें आईएसएल में एक-दूसरे से 10 बार भिड़ी हैं। जमशेदपुर एफसी ने पांच मैच जीते हैं जबकि हैदराबाद एफसी एक बार जीती है। चार मुकाबले ड्रा रहे हैं।

## महिला टी-20 विश्व कप जीतने के बाद सोफी डिवाइन ने कहा-


# भारत के खिलाफ जीत ने हमारे लिए लय तय कर दी

एजेंसी

**दुबई।** टी20 विश्व कप 2024 से पहले, न्यूजीलैंड ने लगातार 10 हार का सामना करते हुए चुनौतीपूर्ण दौर का सामना किया था। 2023 टी20 विश्व कप में, वे नॉकआउट चरण में आगे बढ़ने में विफल रहे और ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के साथ उनका अभियान समाप्त हो गया। मार्च 2023 से इस विश्व कप तक, न्यूजीलैंड ने केवल पांच जीत हासिल की और 16 मैच हारे। इन असफलताओं के बावजूद, वे 2024 टूनामेंट की अपनी तैयारियों केंद्रित रहे। भारत के खिलाफ शुरूआती गेम में उनके प्रयासों का तुरंत ही फल मिला, जहां एक प्रभावशाली प्रदर्शन ने एक कठिन समूह में उनके सेमीफाइनल की संभावनाओं को प्रभावी ढंग से बढ़ा दिया।

कप्तान सोफी डिवाइन ने भारत के मैच को अपने विश्व कप अभियान के लिए लय तय कर दी, जिसका समापन उनकी पहली टी20 विश्व कप जीत में हुई, जब उन्होंने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 32 रनों से हराकर ट्रॉफी जीती।

विश्व कप जीतने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में डिवाइन ने कहा,



'किसी एक पल या एक मैच को चिन्हित करना वाकई मुश्किल है। हालांकि, हाल ही में भारत के साथ हुआ मैच शायद सबसे खास था। मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका में हुए विश्व कप के बाद से यह शायद हमारा सबसे संपूर्ण प्रदर्शन था और सब कुछ एक साथ आया और जैसा कि मैंने कहा, इसने इस समूह में विश्वास और आत्मविश्वास दिखाया और यह पता चला कि हम यह कर सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह हमारे लिए बहुत बड़ा क्षण था और इसने आज रात यहां तक पहुंचने में हमारी मदद की। इसे ठीक से बताना मुश्किल है क्योंकि इसमें बहुत कुछ शामिल है। मेरा मतलब है कि हर कोई खेलों के बारे में सोचता है लेकिन पर्दे के पीछे जो काम होता है, उसे बहुत से लोग नहीं देख पाते। लेकिन हां, मुझे लगता है कि अगर आप प्रदर्शन की बात कर रहे हैं, तो भारत के उस प्रदर्शन ने शायद हमारे लिए लय तय कर दी।'

2024 टी20 विश्व कप जीत न्यूजीलैंड की महिलाओं का वर्ष 2000 में 50 ओवर के विश्व कप ट्रॉफी को जीतने के बाद पहला वैश्विक खिताब था।

वर्ष 2000 विश्व कप जीतने वाली टीम ने डिवाइन सहित क्रिकेटरों की एक पीढ़ी को प्रेरित किया, और अनुभवी क्रिकेटर ने उम्मीद जताई कि यह खिताब युवा लड़कियों और लड़कों दोनों को खेल अपनाने के लिए प्रेरित कर सकता है।

डिवाइन ने कहा, 'मुझे लगता है कि 2000 विश्व कप जीतने वाली टीम से मुझे और उस समय आने वाले कई युवा बच्चों को प्रेरणा मिली। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि आज रात की जीत न केवल युवा लड़कियों बल्कि युवा लड़कों की अगली पीढ़ी को भी क्रिकेट का बल्ला, क्रिकेट की गेंद उठाने के लिए प्रेरित कर सकती है।'

उन्होंने कहा, 'अभी भी यह बहुत ही अवास्तविक लगता है और उम्मीद है कि आज रात हम जो हासिल करने में सक्षम हैं उसका प्रभाव लंबे समय तक रहेगा और दूरगामी होगा। हर कोई विजेता को पसंद करता है, इसलिए, यह हमारे लिए बहुत अच्छा होने वाला है और उम्मीद है कि इसका प्रभाव देखने को मिलेगा। जाहिर है कि हमारे पास एक बड़ा समर आने वाला है और फिर 12 महीने के समय में एक और विश्व कप है, इसलिए हम निश्चित रूप से इसका लुत्फ उठाएंगे और इसका आनंद लेंगे। लेकिन हाँ, यह देखना अच्छा होगा कि इसका प्रभाव क्या होगा। मुझे लगता है कि प्रभाव को समझने में थोड़ा समय लगेगा। हमने इसके बारे में पहले भी बात की है, 2000 विश्व कप और उसका प्रभाव और मुझे लगता है कि इसमें वर्षों लग गए, संख्याओं में वृद्धि और क्रिकेट में रुचि बढ़ने को देखने में, और उम्मीद है कि हम घर पर भी ऐसा कर पाएंगे - खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित कर पाएंगे।'

उन्होंने कहा, 'लेकिन मुझे लगता है कि कीवी होने की सबसे अच्छी बात यह है कि हम सभी एक-दूसरे का साथ देते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन सा खेल खेलते हैं। मुझे लगता है कि हमें साथी एथलीटों, आम लोगों और मशहूर हस्तियों से जितना समर्थन मिला है, वह समर्थन पाना बहुत अच्छा रहा है और यह दिखाता है कि न्यूजीलैंड कितना जुड़ा हुआ है और आपको कीवी होने पर वास्तव में गर्व होता है।'

बता दें कि खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन बनाए, जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 126 रन ही बना सकी और 32 रन से मैच हार गई।

# खतरे और चुनौतियां कितने भी बड़े क्यों न हों, हमारे जवानों के अडिग प्रण के सामने टिक नहीं पाएंगे : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने ड्रोन की उभारती चुनौती, साइबर अपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके अशांति फैलाने के प्रयासों पर चिंता जताते हुए कहा कि खतरे और चुनौतियां कितने भी बड़े क्यों ना हों हमारे जवानों के अडिग प्रण के सामने टिक नहीं पाएंगे। गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि आज हम सभी देश की आंतरिक सुरक्षा और देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए हैं। ये जवान कश्मीर से कन्याकुमारी तक और कच्छ से किबिथु तक देश की सीमाओं को सुरक्षित रखते हैं। अमित शाह ने कहा कि हमारे जवान उत्सव हो या आपदा हर समय ड्यूटी करते हैं। शाह ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी और ओर उनके परिजनों को भी नमन किया। गृहमंत्री ने कहा कि 36468 पुलिस के जवानों और अलग-अलग बल के कर्मियों ने जो बलिदान दिया है उसी के चलते आज देश इतनी प्रगति कर पाया है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान 216 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। शाह ने उन्हें भी श्रद्धांजलि दी और परिजनों को विश्वास दिलाया कि उनके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद और उत्तर पूर्व के तीनों क्षेत्र सालों से अशांति के लिए चर्चा का विषय बने हुए थे पिछले एक दशक में हमारे जवानों के चलते हम उसमें करीब करीब संपूर्ण शांति प्रस्तावित करने में सफल हुए हालांकि लड़ाई अभी समाप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि ड्रोन की उभारती चुनौती, नारकोटिक्स का कारोबार, साइबर अपराध, आर्टिफिशियल



इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके अशांति फैलाने के प्रयास, धार्मिक भावनाओं को उकसाने के षड्यंत्र, अवैध हथियारों की तस्करी और आतंकवाद हमारे सामने चुनौती बनकर खड़े हुए हैं। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त किया कि खतरे और चुनौतियां कितने भी बड़े क्यों ना हो हमारे जवानों के अडिग प्रण के सामने टिक नहीं पाएंगे। तीन नए कानून को लेकर अमित शाह ने कहा कि देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इनका क्रियान्वयन चालू हो गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण का काम पांच साल पहले ही चालू कर दिया गया था और अब बाकी सारी व्यवस्थाएं करते-करते और तीन साल होंगे परंतु तीन साल के बाद में देश की जनता को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हमारी क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम पूरी दुनिया में सबसे आधुनिक होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द चंडीगढ़ से एक पुलिस यूनिट का संपूर्ण क्रियान्वयन का उद्घाटन करेंगे । उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में सशस्?त्र चीनी टुकड़ी द्वारा घात लगाकर किए हमले में पुलिस के 10 वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इन शहीदों एवं ड्यूटी के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले अन्य सभी पुलिसकर्मियों की स्मृति में 21 अक्टूबर को पुलिस स्?मृति दविस के रूप में मनाया जाता है। पुलिसकर्मियों द्वारा दिए गए बलिदान तथा राष्ट्रीय सुरक्षा और एकता बनाए रखने में पुलिस की उत्कृष्ट भूमिका का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुलिस स्मृति दिवस, 2018 के अवसर पर चाणक्यपुरी, नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक देश को समर्पित किया था। यह स्मारक पुलिस बलों में राष्ट्रीय पहचान, गर्व, उद्देश्यों में एकरूपता, एक समान इतिहास और भविष्य की भावना भरने के साथ-साथ उनकी इस प्रतिबद्धता को भी और मजबूत करता है कि उन्हें अपने प्राणों की कीमत पर भी देश की रक्षा करनी है। पुलिस स्मारक में एक केंद्रीय शिल्पकृति के अलावा शौर्य की दीवार तथा एक संग्रहालय भी है। केंद्रीय शिल्पकृति के रूप में मौजूद एक 30 फुट ऊंचा ग्रेनाइट का एकल पाषाण खंड पुलिस कर्मियों की शक्ति, विनम्रता और निःस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। इसी प्रकार शौर्य की दीवार जिस पर शहीदों के नाम उत्कीर्ण हैं, कर्तव्य के पथ पर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले पुलिस कर्मियों की बहादुरी और बलिदान के अचल प्रतीक के रूप में उपस्थित है। पुलिस स्मृति दविस अर्थात 21 अक्टूबर को देश भर में शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है जबकि मुख्य कार्यक्रम राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में आयोजित किया जाता है, जिसकी अध्यक्षता परंपरागत रूप से केंद्रीय गृहमंत्री करते हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और दिल्ली पुलिस की एक संयुक्त परेड भी आयोजित की जाती है।

## संगठनात्मक चुनाव की तैयारी के लिए भाजपा की बैठक आज

**नई दिल्ली :** संगठनात्मक चुनाव की तैयारी के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महत्वपूर्ण बैठक आज होनी है। इसकी अध्यक्षता भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। बैठक में संगठनात्मक स्तर के पार्टी नेता शामिल होंगे। बैठक दोपहर 12 बजे शुरू होगी। मंडल (ब्लॉक), जिला और फिर राज्य अध्यक्षों से शुरू होकर राज्य स्तर पर नेताओं का चुनाव को लेकर की जाने वाली तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में भाग लेने वालों में केंद्रीय चुनाव समिति के पदाधिकारी, राज्य चुनाव पदाधिकारी, भाजपा के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन सचिव शामिल होंगे। इस सप्ताह की शुरूआत में पार्टी ने राष्ट्रव्यापी संगठनात्मक चुनाव कराने के लिए भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण को राष्ट्रीय रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है।

# पीएम ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आज रवाना होंगे रूस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आज रूस रवाना होंगे। वो अपनी यात्रा के दौरान ब्रिक्स समूह के नेताओं और अन्य आमंत्रित अतिथियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर जा रहे हैं। यह इस साल उनकी दूसरी रूस यात्रा है।

रूस के कजान शहर में 22-23 अक्टूबर को ब्रिक्स का शिखर सम्मेलन होगा। संगठन के विस्तार के बाद यह इसका पहला शिखर सम्मेलन है। ब्रिक्स दुनिया की



प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाने वाला एक महत्वपूर्ण समूह है। मिस्त्र, ईरान, इथियोपिया और यूएई इसी साल इस संगठन में शामिल हुए हैं। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि उनका देश ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ 40 अन्य नेताओं का स्वागत करने के लिए उत्सुक है। अलीपोव कहा कि ब्रिक्स में नए सदस्यों के शामिल होने की उम्मीद है। यह विस्तार ग्लोबल साउथ के हितों को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में इस संगठन को मजबूत करेगा।

उल्लेखनीय है कि रूस वर्तमान में ब्रिक्स का अध्यक्ष है। इसकी शुरूआत चार देशों झ्र ब्राजील, रूस, भारत और चीन के साथ आने पर ब्रिक के रूप में हुई थी। 2010 में इसमें दक्षिण अफ्रीका भी शामिल हुआ। इसके बाद इसे ब्रिक्स नाम दिया गया। पिछले साल इस संगठन का और विस्तार हुआ। अलीपोव ने कहा है कि बड़ी संख्या में देशों ने इसमें शामिल होने में रुचि दिखाई है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के अवसर पर भारतीय फिल्मों को और बढ़ावा देने पर भी चर्चा कर सकते हैं। ऐसे संकेत पिछले सप्ताह मॉस्को में राष्ट्रपति पुतिन ने वैश्विक संवाददाता सम्मेलन में दिए थे। उल्लेखनीय है कि रूस में राजकपूर की आवारा और मिथुन चक्रवर्ती की डिस्को डांसर से लेकर शाहरुख खान की पठान तक विभिन्न बॉलीवुड फिल्में रूस के लोगों को बेहद पसंद हैं। पुतिन ने विदेशी पत्रकारों के एक समूह के साथ बातचीत में कहा कि उन्हें लगता है कि रूस में भारतीय फिल्में कहीं और की तुलना में अधिक लोकप्रिय हैं।पुतिन ने कहा कि रूस में एक विशेष टीवी चैनल है। वह हमेशा भारतीय फिल्में दिखाता है। उन्होंने रूस में भारतीय फिल्मों के विपणन को भी एक ऐसा मुद्दा बताया जिस पर चर्चा की आवश्यकता है। इसी क्रम में उन्होंने भारतीय दवा निर्माण क्षेत्र और ऑटोमोटिव क्षेत्र का भी उल्लेख किया। पुतिन ने कहा कि सिनेमा उत्पाद और फिल्मोद्योग अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं और इन्हें उचित रूप से विनियमित किया जाना चाहिए।

# डॉक्टरों के आंदोलन का आज 17वां दिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी संग होगी बैठक

एजेंसी

**कोलकाता :** धर्मतला में जूनियर डॉक्टरों का 'अमरण अनशन' सोमवार को 17वें दिन में प्रवेश कर गया है। आज शाम को नवान्न में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और जूनियर डॉक्टरों के प्रतिनिधियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक होनी है। इस बैठक में डॉक्टरों की 10 मांगों पर चर्चा की जाएगी, जिसमें कुछ मांगों को पूरा करने के लिए तीन-चार महीने का समय मांगा गया है। डॉक्टरों ने रविवार को राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत को ईमेल के माध्यम से जानकारी दी कि वे इस बैठक में शामिल होंगे, लेकिन अनशन तब तक खत्म नहीं किया जाएगा जब तक बैठक के बाद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता। इससे पहले, शनिवार को मुख्य सचिव स्वयं अनशन स्थल पर पहुंचे थे और मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से फोन पर बातचीत की थी। उन्होंने डॉक्टरों की 10 मांगें सुनीं और कुछ पर विचार करने के लिए समय मांगा था। इसके बाद, सोमवार को



नवान्न में बैठक की योजना बनाई गई। मुख्य सचिव ने डॉक्टरों से 10 प्रतिनिधियों के नाम भेजने को कहा था, लेकिन रविवार को भेजे गए ईमेल में किसी का नाम नहीं बताया गया है। डॉक्टरों ने केवल यह जानकारी दी है कि वे बैठक में शामिल होंगे, लेकिन कितने प्रतिनिधि जाएंगे, यह स्पष्ट नहीं किया। डॉक्टरों ने अपने ईमेल में मुख्यमंत्री द्वारा समय दिए जाने के लिए आभार व्यक्त किया है और अपनी 10 मांगों को फिर से दोहराया है। हालांकि, बैठक से पहले अनशन खत्म करने की शर्त को मानने से इनकार कर दिया है। बैठक के बाद ही इस पर कोई निर्णय लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पांच अक्टूबर से धर्मतला में मेट्रो चैनल के सामने जूनियर डॉक्टरों ने अपनी मांगों को लेकर 'अमरण अनशन' शुरू किया था।

## कानपुर: पुलिस मुठभेड़ में बदमाश गोली लगने से घायल

**कानपुर :** जाजमऊ थाना क्षेत्र में रविवार की रात मोटर साइकिल सवार बदमाश से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार किया और उपचार के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि गोली से घायल बदमाश शामली जनपद के थाना झिंझाना के खानपुर गांव का निवासी राजेश पुत्र जनार्दन है। इसके खिलाफ उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त चंडीगढ़, पंजाब समेत अन्य प्रान्तों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान घायल बदमाश ने बताया कि जाजमऊ के तिवारीपुर चौराहे के समीप रविवार की सुबह लगभग 6 बजे टहलने के लिए निकले एक ?व्यक्ति के गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गया था। लूट की वारदात को लेकर रविवार की रात संदिग्धों की तलाश में जाजमऊ थाने की पुलिस टीम लगी हुई थी। इसी दौरान प्योंदी चौराहे के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक मोटर साइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया। इस पर मोटर साइकिल सवार बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगा। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया और आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी गोली चलाई। इस दौरान बदमाश गोली लगने से घायल हो गया।

# भारत समेत एशियाई शेयर बाजारों में इस सप्ताह तेज रहेगी हलचल

**ढाई साल बाद सबसे बड़े वॉल्यूम में शेयरों की लिस्टिंग होगी**

**नई दिल्ली :** भारतीय स्टॉक मार्केट समेत पूरे एशियाई शेयर बाजारों के लिए ये सप्ताह काफी व्यस्त सप्ताह होने वाला है। इस सप्ताह एशिया के शेयर बाजारों में 20 से ज्यादा कंपनियों के शेयर लिस्ट होने वाले हैं। इन सभी कंपनियों के आईपीओ के जरिए शेयर बाजार में 8.32 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है। एशिया के शेयर बाजार में लगभग ढाई साल बाद इतने बड़े वीकली वॉल्यूम में शेयरों की लिस्टिंग होने वाली है। इसके पहले अप्रैल 2022 के तीसरे सप्ताह में एशियाई बाजारों में इतने अधिक वॉल्यूम में लिस्टिंग हुई थी। एशियाई बाजारों में भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख स्थान है। इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड समेत 3 कंपनियों के शेयर स्टॉक मार्केट में लिस्ट होने वाले हैं। इन तीनों में हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ भारतीय शेयर बाजार के इतिहास का अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ है। 27,870.16 करोड़ रुपये का ये आईपीओ 22 अक्टूबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होगा। देश का सबसे बड़ा आईपीओ होने के बावजूद इसे रिटेल इन्वेस्टर्स और नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) की ओर से काफी ठंडा रिस्पॉन्स मिला था?। हालांकि सब्सक्रिप्शन के आखिरी दिन क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) द्वारा जम कर बोली लगाने के कारण ये आईपीओ दोगुना से अधिक सब्सक्राइब हुआ था। भारतीय बाजार के अलावा जापान की टोक्यो मेट्रो कंपनी के आईपीओ की 23 अक्टूबर को लिस्टिंग होने वाली है। इस आईपीओ के तहत जारी टोक्यो मेट्रो कंपनी ने 2.3 अरब डॉलर जुटाए हैं। जापान में 2018 के बाद ये अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ है। इसी तरह जापान की कंपनी रिंगाकू होल्डिंग कॉर्प के शेयर 25 अक्टूबर को लिस्ट होंगे। जापान की इस एक्स-रे टेक्नोलॉजी कंपनी के आईपीओ का साइज 75 करोड़ डॉलर का है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाकर बंद हुए?। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,864.67 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 115.94 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की छलांग लगा कर 18,489.55 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार



का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज 0.03 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 43,263.26 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,358.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.39 प्रतिशत उछल कर 7,613.05 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,657.37 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 111 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,780 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स भी 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,623.76 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 114.72 अंक यानी 0.55 प्रतिशत टूट कर 20,689.39 अंक के स्तर पर और सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.41 प्रतिशत लुढ़क कर 1,483.66 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। दूसरी ओर, निक्केई इंडेक्स 103.82 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,085.57 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 112.91 अंक यानी 0.48 प्रतिशत उछल कर 23,600.18 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.82 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,615.21 अंक के स्तर पर, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,288.32 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,776.77 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### कृष्णनगर की युवती की मौत मामले में बड़ा खुलासा: रिपोर्ट में नहीं मिला दुष्कर्म या अत्याचार का निशान

**कोलकाता :** कृष्णनगर की एक युवती की दर्दनाक मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने बड़ा खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, युवती के शरीर पर दुष्कर्म या किसी अन्य प्रकार के शारीरिक अत्याचार के कोई निशान नहीं मिले हैं। हालांकि, मृतका के शरीर का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा जल चुका था, और उसके चेहरे व निचले हिस्से पूरी तरह से आग में झुलस गए थे। घटना के बाद से ही मृतका के परिवार का आरोप था कि उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या की गई। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका कोई उल्लेख नहीं है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि मृतका के सिर के बाल, दोनों हाथ और चेहरे का अधिकांश हिस्सा बुरी तरह जल चुका था। युवती के शरीर पर 'थर्ड या फोर्थ डिग्री' जलने के घाव मिले हैं, और श्वासनली में कार्बन के अंश पाए गए हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि आग के समय वह जिंदा थी। मानी जा रही है कि किरोसिन जैसे पदार्थ का इस्तेमाल कर उसके शरीर को जलाया गया। मृतका के शरीर के अंगों से नमूने लिए गए हैं जिन्हें आगे की जांच के लिए भेजा गया है। घटना पिछले बुधवार को हुई थी, जब कृष्णनगर में पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के निकट एक पूजा पंडाल के पास 12वीं कक्षा की छात्रा का जला हुआ शव बरामद किया गया था। परिवार का आरोप था कि उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने इस मामले में युवती के प्रेमी को आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने पहले ही इस मामले में कहा था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही यह साफ होगा कि युवती ने आत्महत्या की या उसकी हत्या कर आग लगाई गई थी। रिपोर्ट आने के बाद, जांचकताओं का एक हिस्सा इसे आत्महत्या मान रहा है। हालांकि, जांचकताओं के एक अन्य समूह के मन में अभी भी कई सवाल हैं। पहला, युवती को कॉलेज मैदान में एक अन्य युवक के साथ देखा गया था, लेकिन वह वहां कैसे पहुंची? दूसरा, आरोपित के परिवार का कहना है कि घटना के दिन आरोपित कृष्णनगर में नहीं बल्कि रानाघाट में मौजूद था। मृतका के फोन से कई बार आरोपित के मोबाइल पर कॉल किए गए थे, तो क्या यह सामान्य बातचीत थी या दोनों के बीच कोई विवाद हुआ था? तीसरा, क्या युवती और उसके प्रेमी के बीच किसी तीसरे व्यक्ति की वजह से मतभेद थे, या उधारी के पैसे लौटाने को लेकर विवाद हुआ था? चौथा, आरोपित का दावा है कि घटना वाले दिन उसकी युवती से मुलाकात नहीं हुई थी, लेकिन जांचकताओं ने दोनों के मोबाइल टावर लोकेशन लगभग एक ही क्षेत्र में पाए हैं। तो क्या दोनों की मुलाकात वास्तव में हुई थी? पुलिस अभी भी मामले की गहन जांच कर रही है, और आने वाले दिनों में और भी खुलासे हो सकते हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 'भारतीय पुलिस स्मृति दिवस' और 'आजाद हिन्द फौज' के स्थापना दिवस पर वीरों को किया नमन

**भोपाल :** देश में हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस साल आज सोमवार को भारत 65वां पुलिस स्मृति दिवस मना रहा है। इस दिन को पुलिस-अर्धसैनिक बलों से जुड़े सभी लोग पुलिस शहादत दिवस या पुलिस परेड दिवस के नाम से भी जानते हैं। इसके साथ ही आज ही के दिन 'आजाद हिन्द फौज' का स्थापना दिवस भी है। आज के दिन ही 21 अक्टूबर 1943 को सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में अस्थायी भारत सरकार 'आजाद हिन्द सरकार' की स्थापना की थी। इस दोनों ही प्रमुख अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने वीर पुलिसकर्मियों और सपूतों को नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर 'भारतीय पुलिस स्मृति दिवस' पर वीर पुलिस कर्मियों को नमन करते हुए लिखा मां भारती की सुरक्षा और सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले देश के सभी वीर पुलिसकर्मियों को 'भारतीय पुलिस स्मृति दिवस' पर कोटि-कोटि नमन! आप सभी की वीरता और कर्तव्यनिष्ठा राष्ट्रीय सुरक्षा, शांति व एकता के लिए युवाओं में सदा देशभक्ति की भावना का संचार करेगी। एक अन्य संदेश के माध्यम से सीएम डॉ यादव ने आजाद हिन्द फौज' के स्थापना दिवस पर सभी रणबांकुरों को नमन करते हुए लिखा भारत माता के वीर सपूत 'नेताजी' सुभाष चंद्र बोस जी की प्रेरणा से 'आजाद हिन्द फौज' के असंख्य क्रांतिकारियों ने घर-परिवार त्यागकर आजादी के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। 'आजाद हिन्द फौज' के स्थापना दिवस पर सभी रणबांकुरों के चरणों में मेरा बारम्बार प्रणाम है। आप सभी का सर्वोच्च बलिदान देश सेवा के 'कर्तव्य पथ' निरंतर गतिमान रहने की प्रेरणा देता रहेगा।

### मुख्यमंत्री धामी ने लालकुआं-बांद्रा सुपरफस्ट ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**देहरादून/लालकुआं :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सुबह वर्चुअली लालकुआं-बांद्रा सुपरफस्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारतीय रेल के स्वर्णिम युग की ओर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा कैंची धाम के आशीर्वाद से आज लालकुंआ से बांद्रा के मध्य ट्रेन संचालन का स्वप्न पूरा हुआ है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के संचालन से रामपुर, मुदादाबाद, गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, वडोदरा सूरत जैसे रेलवे स्टेशन से जुड़े लोगों को को यात्रा करने का आसानी से विकल्प मिलेगा। उन्होंने कहा कि लालकुआं-बांद्रा रेल सेवा शुरू होने से बाबा कैंची धाम, जागेश्वर और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा का एक बेहतर विकल्प मिलेगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता और आधुनिकता के प्रतीक के रूप में वंदेभारत जैसी मेड इन इंडिया ट्रेन, रेल नेटवर्क का हिस्सा बनी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और केन्द्र सरकार के सहयोग से पहाड़ तक ट्रेन पहुंचने का स्वप्न ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन बनने के साथ ही पूर्ण हो जाएगा। टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन पर भी सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है, जल्द ही इसमें भी कार्य शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से काशी, अयोध्या और अन्य प्रमुख शहरों के लिए रेल सेवा के और विस्तार के लिए प्रयास किये जाएंगे। आज हमारी डबल इंजन की सरकार प्रदेश के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। प्रदेश की देवतुल्य जनता के सहयोग से उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। इस मौके पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि यहां के लोगों की यह बहुत पुरानी मांग थी कि लालकुआं से मुंबई को सीधे रेल सेवा सुचारू हो, जो आज पूर्ण हुई है। यह है रूट : लालकुआं-बांद्रा टर्मिनल के मध्य नई ट्रेन सं. 22544 सोमवार को लालकुआं से सुबह 07:45 बजे प्रस्थान कर रुद्रपुर सिटी, रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, कोटा, बडोदरा, सूरत होते हुए हुए अगले दिन मंगलवार को प्रात: 08:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में बांद्रा टर्मिनस से सुबह 11:00 बजे मंगलवार को प्रस्थान कर लालकुआं अगले दिन बुधवार 01:15 बजे पहुंचेगी । इस गाड़ी में यात्रियों की सुविधा के लिए 2 एसी के 1 कोच, 3 एसी के 2 कोच, एसी इकोनॉमी श्रेणी के 3 कोच तथा स्लीपर क्लास के 6 कोच, सामान्य श्रेणी के 4 कोच से संचालित होगी। इस गाड़ी में सभी कोच एलएचबी के लगाए गए हैं जो कि यात्रियों के लिए सुविधाजनक और सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त हैं। इस अवसर पर विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक नवीन दुमका, जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, दीप कोश्यारी और डी.आर.एम रेखा यादव उपस्थित थे।

### जलग्राम जखनी के उमाशंकर पाण्डेय राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह के लिए आमंत्रित



**नई दिल्ली :** देश के प्रथम जल योद्धा पुरस्कार से सम्मानित और पद्मश्री से अलंकृत जलग्राम जखनी (बांदा) उत्तर प्रदेश के उमाशंकर पाण्डेय को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में आमंत्रित किया गया है। पाण्डेय ने बताया कि इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जल संरक्षण के सामूहिक प्रयास के लिए जिला पुरस्कार भी प्रदान करेंगी। इस क्रम में उत्तर प्रदेश के बांदा को भी पुरस्कृत किया जाएगा। पाण्डेय के अनुसार, 22 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पांचवां जल पुरस्कार समारोह होगा। इस सम्मान के लिए कुल छह जिलों को चुना गया है। यह जिले हैं-आंध्र प्रदेश का विशाखापत्तनम, त्रिपुरा का धलाई, उत्तर प्रदेश का बांदा,जम्मू-कश्मीर का गांदेरबल, मध्य प्रदेश का इंदौर और ओडिशा का बालंगीर। बांदा और गांदेरबल को संयुक्त से रूप से यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव नमामि गंगे और जिलाधिकारी बांदा को जल शक्ति मंत्रालय ने आमंत्रित किया है। पाण्डेय ने कहा कि सूखे के लिए बदनाम बुंदेलखंड के बांदा को राष्ट्रीय सम्मान के लिए चुना जाना जिम्मेदारियों को और बढ़ा देता है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस लाइन में मना पुलिस संस्मरण दिवस, वीर शहीदों को किया गया नमन

रामगढ़ : पुलिस संस्मरण दिवस पर रामगढ़ पुलिस लाइन में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान देश की आंतरिक सुरक्षा में जान गंवाने वाले झारखंड समेत देशभर के वीर शहीदों को याद किया गया। साथ ही एसपी अजय कुमार ने शहीदों के परिवार वालों का हालचाल जाना। परिजनों ने एसपी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया और उन्होंने हरसंभव मदद करने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी अजय कुमार ने कहा कि अपने कर्तव्य के दौरान देश के लिए शहीद होना गौरव की बात है। हालांकि शहीदों की क्षति को भुलाया नहीं जा सकता है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 9 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल

**मांडर :** मांडर थाना क्षेत्र के मांडर-बुढ़मू मार्ग पर चटवाल चौक के पास एक सड़क दुर्घटना में 9 वर्षीय अमृता उरांव गंभीर रूप से घायल हो गई। अमृता, बेड़ो प्रखंड के खुरहा टोली की निवासी है और रंजित उरांव की बेटी है। घटना तब हुई जब अमृता अपनी नानी के घर चटवाल में साइकिल चला रही थी। अचानक, पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई।

दुर्घटना के बाद परिजनों ने तुरंत अमृता को मांडर के रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे रांची के रिम्स लिए रेफर कर दिया।

### पत्रकार के घर को बनाया निशाना, ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**मांडर :** थाना क्षेत्र के कंदरी चील टोली स्थित पत्रकार विनीत कुमार के बंद घर में शनिवार की रात चोरी की बड़ी घटना हुई। चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और नकदी, चांदी के जेवर समेत लगभग एक लाख रुपये के कीमती सामान की चोरी कर ली।

घटना के समय घर मालिक विनीत कुमार 16 अक्तूबर से रांची में थे। चोरी का पता तब चला जब रविवार को पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा हुआ देखा और इसकी सूचना दी। इसके बाद विनीत कुमार की पत्नी सरस्वती देवी ने मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। चोरों ने घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे चोरों की पहचान करने में कठिनाई आ रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश की जा रही है।

### पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीद जवानों को किया गया याद, एसपी ने दी श्रद्धांजलि



**पलामू:** पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीद जवानों को याद किया गया। पलामू पुलिस लाइन में पुलिस पदाधिकारियों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने शहीद जवान के परिजनों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को भी सुना। परिजनों ने पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा।

इस मौके पर शहीद जवान के परिजन काफी भावुक हो गए। पलामू पुलिस लाइन में अयोजित समारोह में एसपी रीष्मा रमेशन, सीडीपीओ मणिभूषण प्रसाद आलोक कुमार टूटी, राजीव रंजन, राजेश कुमार, सार्जेंट मेजर सुरेश कुमार ओझा, इंस्पेक्टर सुरेश राम, टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार मौजूद थे।

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि शहीद जवानों को याद किया गया है। शहीद जवानों के परिजनों ने कुछ समस्याओं को रखा है, जिसके समाधान का प्रयास किया जा रहा है। शहीद जवानों के परिजनों ने जमीन संबंधी समस्याओं को भी बताया था, जिसके लिए स्थानीय थाना और पुलिस को जानकारी दी गई।

झारखंड गठन के बाद पलामू में 23 पुलिस जवान शहीद हुए हैं। पुलिस संस्मरण दिवस पर 11 जवानों के परिजन मौजूद थे, जिन्हें पलामू पुलिस की तरफ से सम्मानित किया गया। बता दें कि प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस संस्मरण दिवस मनाया जाता है। पलामू पुलिस स्टेडियम में शहीद पार्क बनाया गया है। जहां शहीद जवानों की याद में श्रद्धांजलि दी जाती है एवं दीप जलाया जाता है।

### गीता कोड़ा भाजपा नेता मंगल गिलुवा व उनकी पत्नी से मिली

**जमशेदपुर :** 54 जगन्नाथपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा बराईबुरु गांव स्थित भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह किरीबुरु पूर्वी पंचायत के मुखिया मंगल सिंह गिलुवा एवं उनकी पत्नी सह नोवामुंडी की प्रखंड प्रमुख पूनम गिलुवा के घर जाकर दोनों से शिष्टाचार भेंट की। दोनों के बीच सकारात्मक वार्ता हुई। उल्लेखनीय है कि मंगल सिंह गिलुवा भी जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से भाजपा के प्रबल दावेदार थे, लेकिन गीता कोड़ा को भाजपा ने टिकट दिया। यह मुलाकात की चर्चा जोरों पर है।

### बाबूलाल को समर्थन देने पहुंची गीता

**जमशेदपुर :** घाटशिला विधान सभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी बने बाबूलाल सोरेन से जहां कुछ भाजपाई अपना समर्थन देने को लेकर उनसे मिलने का सिलसिला शुरू कर दिया है। वहीं कुछ भाजपाई उनके प्रत्याशी बनने का विरोध कर रहे हैं। भाजपा नेता जिन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी घोषित करते ही बगावती तेवर अपनाते हुए अपना प्रत्याशी घोषित करेंगे, पर वैसा आज कुछ नहीं दिखा। वे अभी भी बागी तेवर में हैं। लक्ष्मण टुडू गुट के वैसे लोग जो एक-दो दिनों में दूसरे प्रत्याशी देने का मन बना रहे हैं। वैसे लोगों का कहना है कि एक दो-दिनों में आपात बैठक कर कुछ ना कुछ निर्णय जरुर किया जायेगा। बाबूलाल का कहना है कि चुनाव में वह सभी को साथ लेकर चलेंगे और जितने गिले शिकवे हैं उसे दूर किया जायेगा। भाजपा बड़ी पार्टी है। मिल बैठकर सभी कमी को दूर किया जायेगा। दूसरी ओर रविवार को भाजपा नेत्री गीता मुर्मू रविवार को बाबूलाल सोरेन से मिलने जादूगोड़ा पहुंचीं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो निर्णय लिया है, उसका वह सम्मान करती हैं।

### भाजपा में परिवारवाद हावी है : डॉ अजय

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह पूर्वी से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी डॉ. अजय कुमार ने रविवार को भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि विश्व की सबसे पार्टी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भाजपा में परिवारवाद पार्टी पर भारी है. दूसरों पर परिवारवाद का आरोप लगाने वाले बताएं कि रघुवर की बहू पूर्णिमा दास साहू, अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा और चंपाई के पुत्र बाबूलाल सोरेन को टिकट देना परिवारवाद के दायरे में आता है या नहीं.

बीजेपी में महिला सशक्तीकरण का नायाब उदाहरण है पार्टी के किसी बड़े नेता की बहू, पत्नी और बेटे को टिकट दिया जाना. 25 वर्षों में बीजेपी में एक भी नेता ऐसा नहीं हुआ, जिसे पार्टी विधानसभा चुनाव में उतार सके. कहने को तो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है कि इस पार्टी में एक भी नेता नहीं जो अपने दम पर जमशेदपुर पूर्वी से पार्टी को जीत दिला सके. इससे स्पष्ट है कि पार्टी के कार्यकर्ता सिर्फ झंडा ढोने के लिए ही होते हैं.

# विधानसभा चुनाव 2024 : कोल्हान में असंतुष्ट एवं टिकट से वंचित लोगों से भी पार्टियों को झेलनी होगी उनकी बगावत

**बिनय मिश्रा**





कोल्हान की राजनीति में मजबुत जनाधार और कार्यकर्ताओं के बलबुते अपनी दमदार पहचान रखने वाले दुनिया की सबसे पार्टी भाजपा को कई लोगों का कोपभाजन, बगावत और पार्टी विरोधी कार्यों को भी झेलना पड़ सकता है क्योंकि पूर्वी सिंहभूम जिला के बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र से 2019 में झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले कुनाल षाड़ंगी को पार्टी ने इस बार अपना प्रत्याशी नहीं बनाया और उनके स्थान पर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके डॉ0 दिनेशानन्द गोस्वामी को टिकट दिया है। इस परिस्थिति में कुणाल षाड़ंगी किस पार्टी का दामन थामेंगे और चुनाव लड़ेंगे यह भी चर्चा का विषय है। वहीं पोटका विधानसभा से विधायक रह चुकी श्रीमती मेनका सरदार को इस बार पोटका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने अपना प्रत्याशी नहीं बनाया और उनके स्थान पर पूर्व मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री रह चुके अर्जुन मुण्डा की पत्नी मीरा मुण्डा को पोटका विधानसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। इस परिस्थिति में पूर्व विधायक ने पार्टी और अपने सभी पदों से इस्तीफा देकर अपनी नाराजगी जता दी है और यह भी तय हो चला है कि वो चुनावी समर में भी उतर सकती हैं। इस परिस्थिति में निश्चित तौर पर भाजपा के वोट बैंक पर सेंध मारी कि आशंका प्रबल हो चली है क्योंकि पूर्व विधायक श्रीमती मेनका सरदार कई बार भाजपा से ही चुनावी मैदान में उतर कर जबरदस्त टक्कर भी दी है। हालांकि पोटका विधानसभा क्षेत्र से मीरा मुण्डा को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाकर नया दाव खेला है क्योंकि विगत दो बार से श्रीमती मेनका सरदार चुनाव में विफल रही हैं इसलिए मीरा मुण्डा को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के वरीय नेता दिनेश षाड़ंगी चुनाव जीतने के साथ-साथ झारखण्ड राज्य बनने के पश्चात वे राज्य के पहले स्वास्थ्य मंत्री बने थे। इस प्रकार से वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में कई उलटफेर होने की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है।

### समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई से मिले मुंडा व ग्रामीण

चाईबासा : चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ। विजय सिंह गागराई के चक्रधरपुर स्थित आवास पर रविवार को विभिन्न गांव के मानकी-मुंडा के साथ-साथ ग्रामीण पहुंचे। विभिन्न गांवों के मुंडाओं व ग्रामीणों ने डॉ। विजय सिंह गागराई को अपना समर्थन दिया। ग्रामीणों ने कहा कि पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के बैनर तले चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में आपके द्वारा किये जाने वाले विकास कार्य से हम सभी ग्रामीण काफी प्रभावित हैं। इस मौके पर मगुरदा गांव के मुंडा वीर सिंह हांसदा, महुलपानी गांव के मुंडा बिरसा बांदिया, लौजोड़ा गांव के मुंडा मरकुश गागराई समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## भाजपा नेता विकास सिंह नाराज, निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर:** विधानसभा चुनाव से पहले जमशेदपुर में राजनीतिक दलों में टिकट को लेकर विरोध के सुर सुनाई देने लगे हैं। इस कड़ी में जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मानगो के रहने वाले भाजपा नेता विकास सिंह ने पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी।

बता दें कि विकास सिंह पिछले 25 वर्षों से भाजपा में हैं। बीजेपी में विभिन्न पदों पर रहने वाले विकास सिंह ने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा सीट से एनडीए गठबंधन के तहत जदयू को टिकट देने पर नाराजगी जताई है।

मीडिया से बातचीत के दौरान विकास सिंह ने एलान किया है कि वो जमशेदपुर पश्चिम से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। उनका सीधा मुकाबला क्षेत्र के वर्तमान कांग्रेस विधायक सह झारखंड सरकार में मंत्री बन्ना गुप्ता से है।

उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर के दिन नामांकन करने के बाद वो देवघर जाकर बाबा बैद्यनाथ का दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने के लिए बहुत पैसे की जरूरत



होती है, लेकिन उनके पास पैसे नहीं हैं। इस कारण वे क्षेत्र कि जनता से मिलेंगे और एक घर जितने वोटर, उतने रुपये चंदा के रूप में मांगेंगे। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव जीता तो मैं अपना नाम बदल कर विकास सिंह गुलाम कर लूंगा। इसका मतलब जनता का गुलाम।

भाजपा नेता विकास सिंह ने बताया कि 2019 में सरयू राय ने कहा था कि इस चुनाव के बाद वो चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन वो पूर्वी से लड़ रहे हैं और पार्टी ने पूर्व जिला अध्यक्ष को पश्चिम से टिकट दिया है। मैंने उनके लिए काम किया, लेकिन इस बार जदयू को टिकट दिया गया है। जबकि इस विधानसभा क्षेत्र में जदयू का कोई जनाधार नहीं है। ऐसे में मैं जदयू के लिए काम नहीं कर सकता हूं और निर्दलीय चुनाव लड़ूगां।

# नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सफलता पुलिस ने दो एसएलआर राइफल किया बरामद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम:** जिला के चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को उन्हें बड़ी सफलता मिली है। सर्च ऑपरेशन के क्रम में जवानों ने कराईकेला थानान्तर्गत लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र से 2 एसएलआर राइफल बरामद किया है। पश्चिमी सिंहभूम एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि 18 अक्टूबर 2024 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि 2024 के मई माह में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। जिसमें प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन का सदस्य बुधराम मुण्डा मारा गया था। उस घटना के बाद प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के ही अन्य सदस्य अमित मुण्डा, प्रभात मुण्डा, चमन उर्फ लम्बु, सालुका कायम, रिसिब उर्फ जिउरी, बुलबुल, बीर सिंह, हेमंती एवं संजय के द्वारा कराईकेला थानान्तर्गत लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के जंगली पहाड़ी क्षेत्र में हथियारों



को छुपाकर रख गया है।

इसी सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक अभियान चाईबासा के नेतृत्व में सीआरपीएफ 157इठ के साथ एक संयुक्त अभियान दल का गठन करते हुए उस जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान प्रारंभ किया गया। संयुक्त अभियान दल द्वारा सर्च अभियान के दौरान 19 अक्टूबर 2024 को कराईकेला थानान्तर्गत लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र से दो एसएलआर राइफल बरामद किया गया है। जिसे विधिवत जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान अब भी जारी है।

बता दें कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, चमन, अजय महतो, सागेन अंगरिया और अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। जिसके आलोक में चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बीएन, 203 बीएन, 205 बीएन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ के 60 बीएन, 197 बीएन, 157 बीएन, 174 बीएन, 193 बीएन, 157 बीएन 134 बीएन, 26 बीएन और 11बीएन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है।

# कल्पना सोरेन ने फूंका चुनावी बिगुल, गुरुजी की राजनीतिक जन्मभूमि टुंडी से किया शंखनाद

**धनबाद:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और झामुमो की स्टार प्रचारक विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने रविवार को अपने ससुर और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की राजनीतिक कर्मभूमि टुंडी से चुनावी बिगुल फूंका। कल्पना ने टुंडी और पूर्वी टुंडी में आधा दर्जन चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने राज्य के बकाए को लेकर भी केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोला। साथ ही लोगों को आगाह किया कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो ओबीसी आरक्षण का प्रतिशत और कम हो जाएगा। महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत मिल रहा लाभ बंद कर दिया जाएगा।

कल्पना ने टुंडी के जाताखूंटी, पोखरिया शिबू आश्रम, टुंडी थाना मोड़, दुगार्डीह शहीद मैदान आदि जगहों पर सभा को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने पूर्वी टुंडी में भी कई सभाओं को संबोधित किया। साथ ही, जाताखूंटी स्थित सिदो-कान्हो की प्रतिमा और शिबू आश्रम स्थित श्यामलाल मुर्मू की समाधि पर माल्यार्पण कर



श्रद्धांजलि दी। इससे पहले जब कल्पना गिरिडीह से बराकर नदी के पास धनबाद जिले की सीमा पर पहुंचीं, तो झामुमो कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

उन्होंने हेमंत के जेल जाने का मुद्दा उठाकर लोगों से भावनात्मक जुड़ाव बनाने की भी कोशिश की। बैठक के दौरान कल्पना ने विस्तार से बताया कि किस तरह से मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन नई-नई योजनाएं लाकर राज्य की जनता का भला कर रहे हैं। उन्होंने इस चुनाव में झामुमो को समर्थन देकर हेमंत के संघर्षों में साथ देने की अपील भी की। बैठक को विधायक मथुरा प्रसाद महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश टुडू, रतिलाल टुडू, मीना हेम्ब्रम, लोलिन बास्की आदि ने भी संबोधित किया। कल्पना के दौरे को लेकर पश्चिमी टुंडी से पूर्वी टुंडी तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

## मंदिर में ताला तोड़कर 8 घंटी की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम:** बंदगांव प्रखंड के कराईकेला थाना के नकटी पंचायत अंतर्गत मां कंसारा मंदिर में बीते रात चोरों ने ताला तोड़कर मंदिर में लगे 8 घंटी की चोरी कर ली। इस घटना के बाद में लोगों में आक्रोश का माहौल है। जानकारी के मुताबिक कराईकला थाना अंतर्गत मां कंसारा मंदिर में बीते रात रविवार को चोरों ने मंदिर में लगे ताला को तोड़कर 8 घंटी काट कर ले गए। लेकिन चोरों ने मंदिर का गर्भ गृह में लगा ताला को नहीं तोड़ पाए। जिस कारण मां कंसरा के प्रतिमा में लगे मुकुट एवं अन्य आभूषणों की चोरी नहीं हुई। पुजारी सत्यवान महापात्र ने बताया कि रविवार दोपहर करीब एक बजे पूजा करने के बाद मंदिर को ताला लगाकर घर चले गए थे।

ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह मंदिर खुला होने और चोरी होने की जानकारी पुजारी को फोन पर दिया। वहीं जानकरी मिलने के बाद पंचायत के मुखिया मिथुन गागराई व ग्रामीण मंदिर पहुंचे। इसके बाद मंदिर के अंदर जाकर देखा, तो मंदिर में लगे 8 घंटी को काटकर चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। लेकिन मंदिर के गर्भ गृह में लगा ताला को चोरों ने तोड़ नहीं सके। जिससे मंदिर की प्रतिमा में लगे चांदी की मुकुट एवं अन्य आभूषणों की चोरी नहीं हुई। इधर घटना की सूचना कराईकेला थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और जांच पड़ताल करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई। ग्रामीणों के मुताबिक मंदिर का गर्भ गृह का ताला चोरों द्वारा नहीं खुलना मां कंसारा का चमत्कार माना जा रहा है।

# 18 मौजा के माझी बाबा व उनके सहयोगियों को सामाजिक पगड़ीपोशी कर सम्मानित किया

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर स्थित रामदास भट्ठा सामुदायिक भवन में माझी परगना महाल धाड़ दिशोम अंतर्गत जुगसलाई तोरोप के 18 मौजा पुड़सी पिंडा जमशेदपुर का वार्षिक सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में सभी 18 मौजा के माझी बाबा, नायके बाबा, पारानिक बाबा, गोडेत बाबा, कुड़ामनायके व जोग माझी समेत स्वशासन व्यवस्था के अन्य प्रमुखों को सामाजिक पगड़ीपोशी कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जुगसलाई तोरोप परगना दशमत हांसदा, विशिष्ट अतिथि के रूप में देश पारानिक दुर्गाचरण मुर्मू व कदमा माझी बाबा बिंदे सोरेन ने स्वशासन व्यवस्था के प्रमुखों को सामाजिक पगड़ीपोशी कर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि जुगसलाई तोरोपपारगनादशमत हांसदा ने वर्तमान समय में आदिवासी समाज के स्थिति-परिस्थिति, समाज के सर्वांगीण विकास, पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था, रीति-रिवाज, धर्म-संस्कृति, पूजा पद्धति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वालंबन, व्यवसाय, जल-जंगल-जमीन को व संविधान में प्रदत्त आदिवासियों को संवैधानिक अधिकार आदि बिंदु पर अपना विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की अस्तित्व को बचाने के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक,




आर्थिक, शैक्षणिक व राजनैतिक रूप से एकजुट होने की जरूरत है। वर्तमान समय में हमारे युवा पीढ़ी आधुनिकता की चकाचौंध में पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था, रीति-रिवाज, पूजा पद्धति धर्म संस्कृति से दूर हो रहे हैं। उन्हें समाज जोड़ने की जरूरत है। क्योंकि उन्हीं के कंधे पर समाज का दायित्व है। उन्होंने कहा कि स्वशासन व्यवस्था के प्रमुख निःस्वार्थ भाव से समाज को कुशल नेतृत्व प्रदान करें। गांव की समस्याओं पर स्वशासन व्यवस्था के सहयोगियों के चर्चा करें और उनका हल निकालें। कार्यक्रम में आसेका महासचिव शंकर सोरेन, लेदेम मुर्मू , सुखराम किस्कू, गुरुपोदो हांसदा, जितराय हांसदा, विजय टुडू, जोसेन मार्डी, बलराम हांसदा, कुशाल हांसदा, सुनील हांसदा, बिरसिंह हेंब्रम, सुरेंद्र टुडू, सावना मुर्मू, सीता मुर्मू, कारना मुर्मू, मेनका बाला हांसदा, शकुंतला सोरेन, गौरी मुर्मू , मनी सोरेन, सुनीता हांसदा समेत काफी संख्या आदिवासी समाज के महिला-पुरूष मौजूद थे।

विशिष्ट अतिथि दुर्गाचरण मुर्मू ने कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए शैक्षणिक स्थिति को मजबूत करना होगा। इसलिए माता-पिता व अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षित जरूर बनावें। घर-घर में शिक्षा का दीप जलेगा तो समाज का अस्तित्व व वजूद बचेगा। सरना धर्म को अभी तक मान्यता नहीं मिला है। इसके लिए संताल समेत सभी जनजातीय समुदाय से तालमेल बनाने की जरूरत है। इसी तरह संवैधानिक हक व अधिकार के मसले पर भी तमाम आदिवासी समुदाय को एक मंच पर आने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज सामाजिक दृष्टिकोण से कई छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटा हुआ है। लेकिन कई छोटे-छोटे समाज मिलकर ही एक वृहत आदिवासी समाज बनता है।माझी बाबा बिंदे सोरेन ने कहा कि आदिवासी समाज का समृद्ध व विकसित इतिहास है।संताल समेत सभी आदिवासी समाज अपनी मातृभाषा में बोलचाल करें। अपनी मातृभाषा में निःसंकोच होकर व्यवहार करें। आदिवासी जनजातीय भाषा समूह में से संताली को भारतीय आठवीं अनुसूची में सम्मिलित किया गया है। मातृभाषा संताली की अपनी लिपि है। जिसका अविष्कार गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू ने किया है। इस लिपि को घर-घर तक कैसे पहुंचाया जाये। इसपर तमाम स्वशासन व्यवस्था के प्रमुखों को चिंतन-मंथन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिस तरह समाज के अगुवाओं ने सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान को बनाये रखने के लिए महत्ती रोल अदा किया है। अब मातृभाषा संताली के लिए भी मुहिम चलाने की जरूरत है। सरना धर्म आज नहीं तो कल मिलना तय है। इसके निराश व हताश होने की जरूरत नहीं है।लगातार अपनी मांगों को उचित मंच पर रखें।